✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 126 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com


### नवम नवदुर्गा : माता सिद्धिदात्री

**वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्घकृत शेखराम।**
**कमलस्थितां चतुर्भुजा सिद्धीदात्री यशस्वनीम।।**



सर्व सिद्धियों की दाता ''मां सिद्धिदात्री'' देवी दुर्गा का नौवां व अंतिम स्वरुप हैं। नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा और कन्या पूजन के साथ ही नवरात्रों का समापन होता है। हिन्दू धर्म के पुराणों में बताया गया है कि देवी सिद्धिदात्री के चार हाथ हैं जिनमें वह शंख, गदा, कमल का फूल तथा चक्र धारण करे रहती हैं। पुराणों के अनुसार देवी सिद्धिदात्री के पास अणिमा, महिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, गरिमा, लघिमा, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां हैं।

# औरंगाबाद-बिहटा नई रेल लाईन के लिए 3606 करोड़ की स्वीकृति, जल्द ही शुरू होगा काम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पटना, अरवल, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के लाखों लोगों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई लाइन का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से चालू करने का फैसला लिया है । इसके लिए राशि की स्वीकृति दे दी गई है और पूर्व मध्य रेल को निर्देश दिया गया है कि परियोजना के लिए समेकित तरीके से कार्य को प्रारंभ किया जाए। सूत्रों के अनुसार इस परियोजना से मगध एवं शाहाबाद क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। परियोजना से संबंधित विस्तृत विवरण तैयार कर दिया गया है जिसके अनुसार इस परियोजना के निर्माण पर कुल लागत रुपये 3606.42 करोड़ की लागत आएगी। रेल मंत्री




अश्विनी वैष्णव ने परियोजना पर काम चालू करने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। 117 किमी लंबी इस रेल लाइन से बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड के बीच सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी । यहां ध्यान देने बात यह है कि अनुग्रह नारायण रोड से औरंगाबाद के बीच लगभग 13 किमी लंबी रेल लाइन को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है और इस पर कार्य प्रगति पर है । कुल मिलाकर, पटना से अरवल, औरंगाबाद की सीधा रेल संपर्क स्थापित हो जाएगा और इस क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होगी। बिहटा में आरओआर को इस परियोजना के तहत स्वीकृति मिली है जिससे निर्बाध तरीके से इस प्रस्तावित लाइन पर यातायात सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से एक ओर जहां इस क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी ओर डीडीयू-पटना-झाझा मेन लाइन और डीडीयू-गया-कोडरमा ग्रैंड कॉर्ड लाइन के मध्य एक और नया वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

### नवादा से जुड़ेगा पावापुरी, 25 किमी नई रेल लाइन को मिली मंजूरी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार और क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए नवादा और पावापुरी को जोड़ने वाली नई रेल परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। यह रेल लाइन 25.10 किलोमीटर लंबी होगी और इसके निर्माण पर लगभग 492.14 करोड़ की लागत आएगी। यह प्रस्ताव भारतीय रेल द्वारा नई रेल लाइनों के निर्माण हेतु निर्धारित अम्ब्रेला वर्क्स 2024-25 के अंतर्गत रखा गया था। इस नई रेल लाइन से नवादा को पावापुरी तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क और मजबूत होगा : सुशील

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बहुप्रतीक्षित बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड के लिए पर्याप्त राशि की मंजूरी दिये जान पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना पूरे क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क और मजबूत होगा और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। उन्होंने रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से यह मांग की जा रही थी, जिस पर अब निर्णायक कदम उठाया गया है। हमने भी इस परियोजना के लिए कई बार पत्र लिखा था एवं लोकसभा में उठाया था। इस लाइन के बन जाने से पटना से औरंगाबाद तथा आसपास के क्षेत्रों की दूरी और यात्रा समय में कमी आएगी। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों में नए अवसर खुलेंगे।



### सूचना

दुर्गा पूजा के अवसर पर 1 एवं 2 अक्टूबर 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 4 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

संपादक

### शुभकामनाएं

दुर्गा पूजा के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कमल किशोर
संपादक/प्रकाशक

# महिलाओं के खाते में 10-10 हजार भेजती रहेगी सरकार, तारीखें तय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महिला रोजगार योजना का लाभ चुनावी प्रक्रिया पर असर डाले बिना लगातार




मिलता रहेगा। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि दिसंबर 2025 तक लाभार्थियों के खातों में 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त भेजने का सिलसिला जारी रहेगा। बीते 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से 75 लाख महिलाओं के खातों में 7500 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे। इसी मंच से मुख्यमंत्री ने ऐलान किया था कि 3 अक्टूबर को भी अन्य महिलाओं के खातों में राशि भेजी जाएगी। अब सरकार ने तय कर दिया है कि यह प्रक्रिया चुनावी अवधि में भी बाधित नहीं होगी। नीतीश सरकार की योजना के तहत हर घर की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए शुरुआती सहायता दी जा रही है। पहली किस्त में 10,000 रुपये सीधे डीबीटी के जरिए मिलते हैं, जबकि छह महीने बाद आकलन कर अधिकतम 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आर्थिक मदद दी जाएगी। अगस्त के अंत में योजना की घोषणा के बाद से ही लाखों महिलाओं ने इसमें आवेदन किया है। अब तक 75 लाख महिलाओं के खाते में राशि पहुंच चुकी है और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अभी जारी है। नई जुड़ने वाली महिलाओं को भी अगली किस्तों में 10-10 हजार रुपये मिलेंगे। सरकार ने राशि ट्रांसफर करने की तारीखें भी घोषित कर दी हैं। अक्टूबर में 3, 6, 17, 24 और 31 तारीख को खाते में जाएंगे पैसे। नवंबर में 7, 14, 21, 28 को और दिसंबर में 5, 12, 19 और 26 को लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजा जाएगा।

## अनुदानित एवं वित्त रहित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए बनी कमिटी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के वित्त रहित शिक्षकों के हित में नीतीश सरकार ने मंगलवार को बड़ी घोषणा की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश के बाद चुनावी साल में अनुदानित एवं वित्त रहित शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। शिक्षा विभाग की यह कमेटी शिक्षकों की मांगों की समीक्षा करेगी और समय पर वेतन भुगतान सहित सभी खामियों को पूरा करेगी। इसमें मुख्य सचिव से लेकर कई विभागों के आला अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को एक्स पर इस संबंध में पोस्ट कर लिखा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के द्वारा वित्त रहित शिक्षकों के लिए बड़ी खुशखबरी! बिहार राज्य अंतर्गत वित्त अनुदानित एवं वित्त रहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों, संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसों को स्थापना मद में दिए जाने वाले सहायक अनुदान तथा उनमें कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों को वेतनादि भुगतान से संबंधित सभी पहलुओं के सम्यक एवं नियमित समीक्षा एवं निष्पादन हेतु समिति गठित की गई है। वित्त रहित शिक्षकों के लिए वेतनमान समेत सभी विषयों को लागू करेगी। सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार शिक्षा विभाग की ओर से जो आदेश जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि उपयुक्त समिति उक्त संस्थाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे की सहायक अनुदान का समय निर्गमन वेतन या मानदेय का सम्यक निर्धारण और ससमय भुगतान, वेतन भुगतान से संबंधित विसंगतियों का निराकरण, स्थापना से जुड़े अन्य मुद्दों की समय-समय पर समीक्षा और अनुशंसा करेंगी। वित्त रहित शिक्षकों और शिक्षकेत्तरकर्मियों की लंबे समय से कई मांग है और उसको लेकर नीतीश सरकार ने यह बड़ा फैसला लिया है। इस कमिटि में मुख्य सचिव को अध्यक्ष विकास आयुक्त, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सदस्य, वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सचिव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं प्राथमिक शिक्षा निदेशक सदस्य होंगे।













# आस्था या अंधविश्वास : नवरात्र पर छाता गांव में लगता है 'भूतों का मेला'

**शशि तुलस्यान / नबिटा संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राजधानी पटना से 45 किलोमीटर की दूरी पर मसौढ़ी प्रखंड की शाहाबाद पंचायत के छाता गांव में नवरात्रि के नवमी पर भूतों का मेला लगता है। कहा जाता है कि भूतों की हाजिरी लगाई जाती है। प्रेत बाधा से पीड़ित लोगों को मुक्ति मिलती है। शाहाबाद पंचायत में लगी भूतों के इस मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। लोगों में ऐसी मान्यता है कि प्रेत बाधा से छुटकारा मिलता है। मेले में आए लोगों ने कहा कि हमारे सारे कष्टों का निवारण यहां पर होता है। प्रत्येक साल महानवमी पर यहां पर भूतों का मेला लगता है। हम सभी प्रेत बाधा से मुक्ति दिलाने के लिए यहां पर आते हैं। वहीं ब्रह्मस्थान की सेवादार सीमा कुमारी ने बताया कि पिछले 40 सालों से यहां पर लोगों को प्रेत बाधा से मुक्ति मिल रही है। इस ब्रह्म स्थान मंदिर में बस एक लोटा जल चढ़ाकर, हर तरह की प्रेत बाधा से मुक्ति मिल जाती है। इसे आस्था कहें या फिर अंधविश्वास, लेकिन बड़ी संख्या में नवमी की पूजा पर कथित प्रेत बाधा से मुक्ति के लिए यहां पहुंचते हैं। बताया जाता है कि लोग पहले इलाज कराते हैं जब परेशान हो जाते हैं तो फिर उन्हें लगता है कि कोई भूत चढ़ गया है। इसके बाद इस मंदिर में इससे छुटकारा के लिए पहुंचते हैं। लोगों की आस्थाएं बढ़ने लगी है। दाउदनगर से सरिता देवी, फतुआ से परमेश्वर पासवान और पटना के गायघाट से देवंती सिंह को विश्वास है कि यहां नवमी के दिन प्रेत बाधा से मुक्ति मिल जाती है।

## प्रेत बाधा से मुक्ति के लिए उमड़ती है भीड़






## पूजा पंडालों में बिजली विभाग ने लगाया सेल्फी प्वाइंट

**मसौढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** नवरात्र के मौके पर मसौढ़ी के विभिन्न पूजा पंडालों के पास में बिजली विभाग ने इस बार सेल्फी प्वाइंट लगाया है। इसका मुख्य उद्देश्य 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के बारे में लोगों को जागरूक करना है। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता पवन कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा मुफ्त बिजली को लेकर कई प्रचार अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकतर पूजा स्थलों पर ऐसे सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। कार्यपालक अभियंता के अनुसार, कई लोगों को योजना के संबंध में संशय है, जिसे दूर करने के लिए सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी जा रही है।शहर में दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। पूजा स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मसौढी शहर में कुल पांच पूजा पंडालों में सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं इसके अलावा साइबर ठगी की भी जानकारी दी जा रही है।

## एटीएम कार्ड बदल 33 हजार की ठगी

**मसौढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** मसौढ़ी स्टेशन रोड स्थित एक एटीएम में पैसा निकालने गए एक व्यक्ति के साथ साइबर फ्रॉड होने की सूचना मिली है। शांति विहार तारेगना डीह निवासी पीड़ित सीताराम प्रसाद द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के अनुसार एक एटीएम में पैसा निकालने के दौरान निकासी नहीं हुई थी इस दौरान दो अनजान युवक आए और उन्हें मदद करने के बहाने उनसे एटीएम लेकर बदल दिया। उसके बाद उसे दिन के बाद यानी 23 सितंबर को पांच बार 33 हजार का ट्रांजेक्शन उनके एटीएम कार्ड से कर लिया।















































बिहार सरकार

## संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

दुर्गा पूजा एवं दशहरा का पर्व हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। दशहरा पर्व को विजय पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह हमारे जीवन में संयम एवं आत्मिक बल का संचरण करने वाला पर्व है।

राज्य के नागरिकों से मेरी अपील है कि वे दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को पारस्परिक सद्भाव, आपसी भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मिल–जुलकर मनायें।

इस अवसर पर सभी बिहारवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनायें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 014790 (Home) D. 2025-26



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

## संदेश

दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

दुर्गापूजा और विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। हमारी परंपरा में माँ दुर्गा की उपासना नारी शक्ति के प्रति सम्मान की भावना को प्रकट करती है, वहीं प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन मर्यादा, सत्यनिष्ठा, करुणा, सेवा और त्याग जैसे शाश्वत मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि यह त्योहार राज्य एवं देश में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये तथा प्रत्येक जीवन में साहस, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।

मैं बिहारवासियों से अपील करता हूँ कि वे इस त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाएँ ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा समृद्ध हो सके।

(आरिफ मोहम्मद खां)

PR No.-015752 (Governor Secretariat)D. 2025-26

बिहार सरकार

## समाज कल्याण विभाग

(सामाजिक सुरक्षा निदेशालय)

### अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

(1 अक्टूबर 2025)

## संदेश

भारतीय संस्कृति में वरिष्ठ नागरिकों का परम पूज्य स्थान है। इतिहास साक्षी है कि वृद्धजनों के यथोचित सम्मान एवं उनसे प्राप्त मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप समाज की भावी पीढ़ियाँ ज्ञान एवं संस्कार से परिपूर्ण होकर सदैव सफलता व प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रही हैं।

आज के आधुनिक परिवेश में हमारे समाज के ताने–बाने में अभूतपूर्व परिवर्तन आए हैं। इन परिवर्तनों के फलस्वरूप मानवीय मूल्यों एवं वृद्धजनों के प्रति संवेदनशीलता एवं सम्मान में ह्रास हुआ है। फलत: वृद्धजन जहाँ एक ओर उपेक्षित जीवन जी रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हमारा समाज भी उनके अनमोल आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन से वंचित होता जा रहा है।

वृद्धजनों की समुचित देख–भाल तथा उनके गरिमामयी जीवन के लिए प्रयत्न करना हम सभी का सामाजिक एवं नैतिक कर्तव्य है, जिससे वृद्धजनों को पूर्ण संरक्षण तथा सम्मान प्राप्त हो सके।

आईये, हम सभी "अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस" के अवसर पर वृद्धजनों के प्रति अपनी निष्ठा व कर्त्तव्यों के पूर्ण निर्वहन का संकल्प लें।

(मदन सहनी)
मंत्री,
समाज कल्याण विभाग, बिहार

PR- 016202 (SWD)D. 2025-26

# मुख्यमंत्री ने 'विकास पुरुष' पुस्तक का किया लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना स्थित गर्दनीबाग के ठाकुरबाड़ी परिसर में वरिष्ठ पत्रकार मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक 'विकास पुरुष' का भव्य लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लेखक को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक न सिर्फ उनके राजनीतिक जीवन और विकास कार्यों का दस्तावेज है, बल्कि बिहार के हालिया विकास यात्रा का भी जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती है। पुस्तक के लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने बताया कि 'विकास पुरुष' में नीतीश कुमार के अब तक के राजनीतिक सफर, शासन में पारदर्शिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था और आधारभूत संरचना जैसे क्षेत्रों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों का समावेश किया गया है। बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष रणबीर नंदन ने 'विकास पुरुष' पुस्तक के लोकार्पण अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुस्तक केवल एक राजनीतिक शख्सियत की जीवनी नहीं, बल्कि बिहार के नव निर्माण की यात्रा है। नीतीश कुमार ने अपने कार्यों से जिस विकास मॉडल को जमीन पर उतारा, उसे मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने शब्दों में बड़ी ही संजीदगी से पिरोया है। 'विकास पुरुष' एक दस्तावेज है उस परिवर्तन का जिसकी गूंज आज पूरे देश में सुनाई देती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को सामाजिक न्याय, कानून का राज और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। यह पुस्तक नई पीढ़ी को राज्य की राजनीतिक चेतना और सुशासन के महत्व को समझने में मदद करेगी। लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने एक सजग पत्रकार की भूमिका निभाते हुए विषय की गहराई में जाकर शोधपूर्ण कार्य किया है जो अत्यंत सराहनीय है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार सुजीत झा ने कहा कि हमने कल और आज दोनों बिहार को बहुत करीब से देखा है। इसलिए हम से बेहतर भला कौन समझ सकता है। मैंने मुरली जी के कहने पर इसकी भूमिका लिखी, जो मेरे लिए भी गौरव की बात है। इस मौके पर प्रो जितेंद्र कुमार, जदयू नेता उत्तम कुशवाहा सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि, बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं लेखक उपस्थित थे। ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित यह समारोह साहित्य और राजनीति के संगम का प्रतीक भी बना।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने की गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में मां दुर्गे की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शारदीय नवरात्र के मौके पर महाअष्टमी के दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी के प्राचीनतम गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पहुंचकर मां दुर्गा परिवार का दर्शन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मां दुर्गा की आरती की एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की। नीतीश कुमार ने मां दुर्गा से बिहार की समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व बिहार राज्य धार्मिक पर्षद के अध्यक्ष एवं गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष, पूर्व विधान पार्षद डॉ रणवीर नंदन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शॉल ओढ़ाकर एवं नए वस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिहार के जाने-माने लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा लिखित नीतीश कुमार विकास पुरुष नामक पुस्तक का विमोचन किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी स्थित परमेश्वरी भवन में नवरात्र के मौके पर स्थापित कलश की पूजा अर्चना की एवं अपनी माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, सचिव गण कुमार रवि एवं अनुपम कुमार, प्रमंडल आयुक्त चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. एस. त्यागरजन सहित पुजारी मुकेश रंजन झा, अभिषेक कुमार, अमन राज, सत्य प्रकाश पांडेय, वेद प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार सुजीत झा सहित भारी संख्या में भक्तगण लोग उपस्थित थे।

# नवरत्न मंदिर में धूमधाम से हुई मां दुर्गा की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग के सचिवालय कॉलोनी स्थित नवरत्न मंदिर में मां दुर्गा की पूजा भक्ति भावना और धूमधाम के साथ की गई। मंदिर में महासप्तमी को शुभ मुहूर्त में विधि विधान और मंत्रोच्चारन के बीच मां दुर्गा का पट खोला गया। इसके बाद हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की। रात्रि में मां दुर्गा की आरती की गई जिसमें दूर-दूर से आए काफी संख्या में भक्तों ने श्रद्धापूर्वक हिस्सा लिया। इसी तरह महाअष्टमी को मां दुर्गा की पूजा भक्ति भाव से की गई। इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। लगभग पचास वर्ष पूर्व बने इस मंदिर में चार दशक से भी अधिक समय से दुर्गा पूजा के अवसर पर मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना होता चला आ रहा है। पिछले वर्ष 22 जनवरी को मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय के स्थाई प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा काफी धूमधाम से किया गया था। अयोध्या में राम के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा भी इसी दिन किया गया था।

# दानापुर मंडल में रेलवे ट्रैकों, स्टेशनों एवं ट्रेनों में चला सघन सफाई अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दानापुर।** 2 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों के ट्रैकों पर, ट्रेनों में एवं मंडल के अंतर्गत स्थित विभिन्न कार्यालयों के भवनों में पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था विभाग के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दानापुर मंडल के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने की कड़ी में आज झाझा, लखीसराय, किउल, बख्तियारपुर, बक्सर, राजेंद्रनगर, पाटलिपुत्र, दानापुर एवं आरा सहित कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रेलवे ट्रैकों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# कांग्रेस मतदाताओं के हक की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेगी : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने हाल ही में हुई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह कवायद शुरू से ही छलावा रही है जिसकी न तो जनता और न ही राजनीतिक दलों ने कोई मांग की थी। इसके बावजूद इसे लापरवाही और अपारदर्शिता के साथ अंजाम दिया गया जिस पर बार-बार सर्वोच्च न्यायालय को दखल देना पड़ा ताकि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन हो सके। राजेश राम ने कहा कि अब चुनाव आयोग के ज्ञानेश गुप्ता इसे सफल बता रहे हैं जबकि इसकी निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गहरे सवाल हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे राज्य में इसका मूल्यांकन करेंगे कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के जरिए कितने नाम मतदाता सूची से हटाए गए और कितने जोड़े गए। उन्होंने कहा कि यह मामला यहीं समाप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट सूची से लगभग 65 लाख नाम हटाए गए जबकि केवल करीब 21.53 लाख नए नाम जोड़े गए। हटाए गए नामों की संख्या बहुत अधिक है और यह गंभीर चिंतन का विषय है। कई पात्र मतदाताओं के नाम जानबूझकर काटे गए जो लोकतांत्रिक भावना और पारदर्शिता के खिलाफ है। राजेश राम ने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की सफलता का मूल्यांकन केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर होना चाहिए और यह देखना होगा कि मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा किस हद तक हुई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, नागरिकों और राजनीतिक दलों से अपील की कि इस तथाकथित 'सफल' प्रक्रिया का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करें ताकि एक भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस मतदाताओं के हक की लड़ाई अंतिम दम तक लड़ेगी। समाचार की जानकारी बिहार कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने दी।

# वन स्टॉप सॉल्यूशन है भारतीय रेल का रेलवन ऐप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**






**दानापुर।** दानापुर रेल मंडल यात्रियों की सुविधा का हमेशा ध्यान रखता है और इसके लिए आधुनिक समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हुए हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करता है। इसी क्रम में दानापुर मंडल के द्वारा आने वाले त्योहारों के अवसर पर टिकट काउंटरों पर होने वाली अधिक भीड़ से बचने के लिए एवं यात्रियों को उनके फिंगर टिप पर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए रेलवन ऐप की जागरूकता के लिए वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ की निगरानी में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेलवन ऐप, रेलवे के साथ यात्री संपर्क को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। यह उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ एक व्यापक, ऑल-इन-वन एप्लिकेशन है। रेलवन ऐप यात्री सेवाओं को एकीकृत करते हुए बहुत सारी सेवाओं को एक साथ लेकर आया है जैसे कि टिकट बुकिंग (आरक्षित एवं अनारक्षित दोनों प्रकार के), लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, ई-कैटरिंग अर्थात यात्री अपने मनपसंद भोजन को ऑनलाइन आर्डर कर सकते हैं। इसके साथ ही ट्रेनों के कैंसिल होने की स्थिति में यह ऐप आपको अपडेट करेगा और रेल यात्रा में होने वाली शिकायत सुझावों का भी रेल मदद के जरिए समाधान करेगा।


# बाइक चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** गौरीचक थाना क्षेत्र के चनारिक मार्केट में 30 सितंबर को अरविन्द कुमार की मोटरसाइकिल पैशन प्रो चोरी हो गई। अरविन्द कुमार ने बताया कि वह बाबा इलेक्ट्रिक में पंखा बनवा रहे थे और जब काम पूरा कर वापस आए तो उनकी बाइक गायब थी। अरविन्द कुमार ने पुलिस को तुरंत सूचित किया और कहा कि उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक नहीं मिली।

# जैन धर्मावलंबियों ने मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जैन समाज द्वारा श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह, गुरारा, कालीबीबी का कटरा एवं अन्य जैन मंदिरों में जैन धर्म के 10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ जी का मोक्ष कल्याणक भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भगवान शीतलनाथ की पूजा-अर्चना की और उनके जीवन एवं उपदेशों को याद किया। भगवान शीतलनाथ के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। उनके जीवन एवं उपदेशों को याद करने और उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करने के बारे में बताया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, कदमकुआं में अभिषेक, पूजा जिनेश जैन एवं अन्य द्वारा तथा मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर एवं अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक शांतिधारा किया गया तथा निर्वाण लाडू चढाया गया।



# नवादा जिले में निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन

## राजनीतिक दलों को उपलब्ध करायी गयी मतदाता सूची



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 30 सितम्बर 2025 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का आयोजन विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के आलोक में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों को निर्वाचक सूची की प्रतियाँ उपलब्ध कराई गईं और पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई। बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण, 2025 के अंतर्गत प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण कर 30 सितम्बर 2025 को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 17,16,289 मतदाता दर्ज किए गए हैं, जिनमें 8,98,253 पुरुष, 8,17,931 महिला तथा 105 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जिले में पूर्व के 1798 मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाकर अब कुल 2169 मतदान केंद्र कर दी गई है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अंतिम मतदाता सूची का गहन अवलोकन करें तथा निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी दल अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करें। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी गोविंदपुर सह उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हिसुआ सह अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी नवादा सह अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अमित अनुराग, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वारिसलीगंज सह भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता गौरव शंकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश पासवान, अवर निर्वाचन पदाधिकारी मो0 अबु हैदर हैदरी, तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हिलसा में पूजा पंडाल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, अफरा-तफरी का माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना के समीप बड़ी दुर्गा मंदिर स्थित पूजा पंडाल में सोमवार की देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अचानक उठे धुएं और लपटों से पंडाल में अफरा-तफरी मच गई। श्रद्धालु और स्थानीय लोग दहशत में इधर-उधर भागने लगे। मुख्य पुजारी अमित बाबा ने बताया कि रात करीब 10 बजे अचानक पंडाल में धुआं उठने के बाद आग फैल गई। देखते ही देखते पंडाल का कपड़ा जलकर नीचे गिरने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग और बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं, बिजली विभाग ने तुरंत विद्युत आपूर्ति बंद कर दी और पोल की मरम्मत का कार्य शुरू किया। इस कारण इलाके में कई घंटों तक बिजली बाधित रही। पुजारी ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि यदि यह घटना दिन में होती तो बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालु इसकी चपेट में आ सकते थे। फिलहाल प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है।

# नवादा–पावापुरी नई रेल लाइन को केंद्र सरकार की स्वीकृति

## विकसित नवादा की दिशा में सबसे मजबूत कदमः विवेक ठाकुर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा नवरात्रि के पावन अवसर पर नवादा के लिए बड़ी सौगात मिली है। उन्होंने बताया केंद्र सरकार द्वारा नवादा–पावापुरी नई रेल लाइन (25.1 किमी) के निर्माण को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। सांसद ने कहा यह अबतक का रेलवे में नवादा के लिए सबसे महत्वपूर्ण विकास कार्य है। यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब जाकर पूरा हुआ है। सांसद विवेक ठाकुर ने बताया कि यह परियोजना 'न्यू रेल लाइन वर्क्स अक्रॉस इंडियन रेलवे' (अम्बरेला वर्क 2024-25) के अंतर्गत चलाई जाएगी। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 492.15 करोड़ होगी, जिसमें सिविल कार्य – 415.70 करोड़, विद्युत कार्य – 47.24 करोड़, सिग्नल एवं टेलीकॉम (S&T) – 29.21 करोड़ शामिल हैं। विवेक ठाकुर ने कहा यह परियोजना नवादा को सीधे पटना और दिल्ली मेन लाइन से जोड़ने की दिशा में पहला चरण है। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। यह परियोजना नवादा सहित आसपास के क्षेत्रों के विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी। सांसद विवेक ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए नवादा लोकसभा वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अष्टमी तिथि को श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**नारदीगंज,नवादा।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर अष्टमी तिथि को मंगलवार को नारदीगंज बाजार स्थित माता काली व माता दुर्गा का पूजा अर्चना श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। इसके अलावा बस्ती बिगहा बाजार, परमा, मसौढा व हंडिया गांव स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी।

# सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया तोड़फोड़ व हंगामा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ सदर अस्पताल परिसर मंगलवार को उस समय अफरा तफरी मच गया, जब एक मरीज की मौत के बाद उसके आक्रोशित परिजनों ने जमकर तोड़फोड़ और हंगामा किया। परिजनों के उग्र रवैये को देखते हुए अस्पताल डॉक्टर खुद को कमरे में बंद कर अपनी जान बचाई। वहीं परिजनों का आरोप है कि लापरवाही बरती गई। सुरक्षा की मांग को लेकर डॉक्टरों ने तत्काल ओपीडी सेवा बंद कर दी । दीपनगर थाना के नेपुरा गांव के संजय सिंह नवरात्रि के अवसर पर सीने पर कलश रखकर मां दुर्गा की कठिन आराधना कर रहे थे। आराधना के आठवें दिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ लेकर आए। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मरीज की मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और उन्होंने अस्पताल में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना के बाद चिकित्सकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विश्वजीत कुमार ने बताया कि अगर सदर अस्पताल में डॉक्टरों की सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई तो हम लोग कैसे काम करेंगे। घटना की जानकारी मिलते ही सदर डीएसपी नूरुल हक दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच में जुट गए। डीएसपी ने आश्वासन दिया कि उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर उपद्रवियों को चिह्नित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दशहरा पर ग्रामीण कलाकारों द्वारा नाटकों का मंचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड में माता रानी की प्रतिमाओं के पट खुलने के बाद सरथुआ और तोप गांव में ग्रामीण कलाकारों के द्वारा अष्टमी,नवमी और विजयादशमी की रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नाटकों का मंचन होगा। नाट्य कला परिषद सरथुआ के अनिल कुमार प्रेमी,मुन्ना कुमार,पप्पू कुमार, मंटू कुमार, रामनिरंजन सिंह, मुकेश कुमार, अम्बर पटेल, नयन श्री, बमशंकर कुमार, ई0 विक्कू, सुमित कुमार व अन्य सदस्यों ने बताया कि अष्टमी को सामाजिक नाटक राखी, नवमी को शहीदों की धरती और विजयादशमी को कलिंग विजय का रंगमंच से मंचन किया जाएगा। वहीं, दुर्गा पूजा समिति, तोप के संजय कुमार, राजकमल, रंजीत कुमार, कृष्ण प्रसाद व अन्य ने बताया कि यहां के रंगमंच से गुनाहों का देवता,बागी सेनापति और अमर सिंह राठौड़ नाटक का मंचन होगा।

# नवादा में दुर्गा पूजा का त्योहार परवान पर





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 10 दिनों तक चलने वाले शारदीय नवरात्र का त्योहार नवादा जिले में अपने परवान पर चढ़ गया है। सप्तमी से ही नवादा में दुर्गा पंडालों में माता का दर्शन करने और मेला घूमने वाले लोगों की भीड़ बाजार में देखी जा रही है। ऐसे तो बंगाली पद्धति से मनाए जाने वाले दुर्गा पूजा और पाठ करने वाले रेलवे कॉलोनी में छठी से ही माता का पट खुल गया और श्रद्धालुओं ने दर्शन करते हुए मन की मुरादे पूरी होने की कामना की। नवादा शहर में ऐसे तो तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा बैठाई जाती है। नवादा नगर के न्यू एरिया, गढ़ पर, गोदापुर, महावीर मार्केट, देवी स्थान, काली चौक, पुरानी बाजार, सागरमल, भगत सिंह चौक, प्रसाद बीघा, जवाहर नगर, नगर थाना रोड, रामनगर, गोनावां, वीआइपी कॉलनी, हटिया पर, अगिया बेताल, इंदिरा चौक, गोवर्धन मंदिर , देवी मंदिर, रेलवे कॉलोनी, स्टेशन रोड, गोला रोड, ठाकुरवादी रोड, मिर्जापुर, 3 नंबर बस स्टैंड, बुंदेलखंड, पार नवादा लिटिल फ्लावर, सद्भावना चौक, बिजली कॉलोनी सहित अन्य स्थलों पर माता दुर्गा की प्रतिमा बिठाकर पूजा अर्चना किया जाता है। सप्तमी से माता का दर्शन करने पंडालों को देखने और मेला घूमने वाले लोगों की भीड़ काफी देखने को मिल रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे तो सभी पूजा पंडालों के पास सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इसके साथ-साथ शहर के अनेक स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई है। नवादा जिला प्रशासन की ओर से इस बार मेला में सुरक्षा की खास इंतजाम किया गया है, जिससे कि किसी को भी कोई परेशानियों का सामना करना नहीं पड़े। जगह-जगह पर विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से खोया पाया शिविर लगाया गया है। अग्निशमन विभाग को भी चुस्त दुरुस्त रहने का निर्देश जारी किया गया है। ऐसे तो जिला प्रशासन द्वारा सभी पूजा पंडालों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी तरह के ऐसे भाषण और गीतों का प्रयोग नहीं हो जिससे कि मामला बिगड़ जाए। प्रशासन की ओर से भीड़ को देखते हुए वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश का कहना है कि नवादा शहर के लोग सुरक्षित मेला घूमने के लिए चार पहिया वाहन का उपयोग नहीं करेंगे। शहर में इसकी पाबंदी की गई है। रात भर चलने वाले इस मेल में पुलिस प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। विभिन्न रास्तों में भी लाइट का इंतजाम किया गया है। सुरक्षा लाइट के साथ-साथ साफ सफाई का भी ख्याल रखा गया है।

# आरएसएस ने बाल संस्कार केंद्र में किया शस्त्र पूजन व कन्या पूजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 30 सितंबर दिन मंगलवार को दशरथ मांझी दलित बस्ती गोनावां में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती की ओर से संचालित बाल संस्कार केंद्र में शस्त्र पूजन एवं कन्या पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सेवा भारती के गणमान्य पदाधिकारी के साथ ही दशरथ मांझी सेवा बस्ती के भी गणमान्य लोगों ने दलित समाज की कन्याओं का पैर धोकर एवं माता का चुनरी वस्त्र एवं प्रसाद देकर कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दें संघ समाज में समरसता एकरूपता के लिए प्रत्येक वर्ष इस तरह का दलित कन्याओं का पूजन कर समाज में समरसता एकरूपता लाने का प्रयास करते आ रहा है। नालंदा विभाग सेवा प्रमुख दिनेश शर्मा ने कहा कि संगठित हिंदू ही समर्थ भारत का निर्माण कर सकता है सेवा भारती के पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा हमें छुआछूत मिटा कर सबल राष्ट्र के निर्माण में लगना चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाध्यापक विनय अग्रवाल अरुण कुमार जिला व्यवस्था प्रमुख नवीन कुमार, भाजपा नेता सूर्यनारायण गुप्ता अरविंद कुमार ने भी भाग लिया। दूसरी ओर नवादा जिला के अब्दालपुर ग्राम में भी शस्त्र पूजन एवं विजयादशमी उत्सव मनाते हुए संघ के उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह विनय प्रसाद ने कहा यह पर्व शक्ति के उपासना का पर्व है, धर्म का धर्म पर, सत्य का सत्य पर, आसुरी शक्ति पर दैविक शक्ति के विजय प्राप्त करने का पर्व है। बिना शस्त्र के दुश्मन पर विजय प्राप्त करना मुश्किल है। संघ के संगठित शक्ति के कारण ही आज देश सुरक्षित है उन्होंने कहा कि जिस संघ की स्थापना डॉक्टर हेडगेवार ने 1925 में रखा था। आज संघ की 100 वर्ष की साधना पूरी हुई। शताब्दी वर्ष में सर्व दूर सर्व स्पर्शी काम खड़ा हुआ। भारत का इतिहास वीरता एवं पराक्रम से भरा हुआ है। शताब्दी वर्ष में हमें पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज में आमूल परिवर्तन लाकर देश को परम वैभव पर ले जाने के लिए कटिबद्ध है। संघ के जिला प्रचार प्रमुख कवि दयानन्द प्रसाद गुप्ता ने कहा कि नवरात्र प्रारंभ से 10 दिनों के अंतर्गत प्रत्येक शाखा का अपना-अपना विजयदशमी उत्सव मनाया जा रहा है। साथ ही नगर का एक विशाल पथ संचलन कार्यक्रम 2 अक्टूबर प्रातः 7:00 बजे हरिशचंद्र स्टेडियम शाखा से निकलेगा, जो आकर्षक वाद्य यंत्रों के साथ ही संघ के सैकड़ो स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में भाग लेंगे।

## माता की गोद भराई रस्म में उमड़ी महिलाओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवरात्र पूजा में अष्टमी के दिन मां दुर्गा की गोद भराई रस्म के दौरान महिला श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। नवादा नगर के पुरानी कचहरी रोड स्थित भगवती मंदिर में देर रात 2 बजे से ही माता का गोद भरने के लिए श्रद्धालु महिलाएं कतारबद्ध दिखी। ऐसे में स्थानीय लोगों को भी उनकी सहायता के लिए आगे आना पड़ा। प्रशासन की ओर से वहां पुलिस बल की तैनाती की गई थी। माता के प्रति इतनी भक्ति असीम कृपा पाने को महिलाएं 2 बजे रात से ही माता का पूजा और गोद भराई का कार्य शुरू कर दिया। इसके साथ-साथ विभिन्न पूजा पंडालों में भी मां दुर्गा का गोद भराई का रस्म किया गया।

# चुनावी चौपाल लगाकर गांव के वोटरों को किया गया जागरूक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** भारत निर्चाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत ज़िला स्वीप आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव ने चण्डी प्रखंड के मुसहरी में ग्रामीण जागरूकता चौपाल लगायी और मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। वैसे मतदान केंद्रों पर जहां पिछली बार कम वोट पड़े थे वहां ग्रामीणों से मिलकर विचार विमर्श किए। इस दौरान डा मानव ने चुनाव पर्व में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले विधान सभा के चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए अभी से लोग मन बना लें और सभी परिजनों व पड़ोसियों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एक एक वोट कीमती है आपका। सभी लोग मतदान के दिन बूथ पर जाइए और ईवीएम पर बटन दबाइए ।मतदाताओं को कोई भी जानकारी लेनी हो तो टोलफ्री नंबर 1950 पर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है । उन्होंने वोटरों से अपील किया है कि धर्म, जाति, लोभ लालच से ऊपर उठकर वोट करें और अपने वोट की चोट से मन पसंद की सरकार बनाएं। तभी देश का लोक तंत्र मज़बूत होगा। इस दौरान ग्रामीण वोटरों ने कई सवाल किए जिसका समाधान डा. मानव ने विस्तारपूर्वक किया।

# दुर्गा पूजा 2025: जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मूर्ति विसर्जन स्थलों एवं पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** दुर्गा पूजा 2025 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने विभिन्न विसर्जन स्थलों और प्रमुख पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम कादिरगंज स्थित सकरी नदी में बनाए गए कृत्रिम तालाब का जायजा लिया और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को तालाब को सुव्यवस्थित करने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने शोभिया मंदिर के समीप स्थित विसर्जन तालाब का निरीक्षण किया और वहां भी बेहतर रोशनी एवं स्वच्छता की व्यवस्था करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सभी प्रतिमाओं का विसर्जन केवल चिन्हित कृत्रिम तालाबों में ही किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सद्भावना चौक स्थित पंडाल का भी दौरा किया और सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने पंडालों में भीड़ प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और बिजली सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को पुख्ता करने पर विशेष बल दिया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने हरिश्चंद्र स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां रावण वध कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भीड़ होने की संभावना है। उन्होंने निर्देश दिया कि स्टेडियम में वॉच टावर एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। जिलाधिकारी ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को हरिश्चंद्र स्टेडियम और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और रौशनी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजन से अपील की कि रावण वध और प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में जिला प्रशासन का सहयोग करें और प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि दुर्गा पूजा 2025 का आयोजन सुरक्षित, व्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता नवादा,अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गोपनीय शाखा प्रभारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कौआकोल दुर्गा मण्डप में जागरण एवं झांकी का किया आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के दुर्गामण्डप परिसर में नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर जागरण एवं झांकी का आयोजन किया गया। श्री श्री 1008 श्रीदुर्गा महारानी,काली महारानी के बैनर तले आयोजित जागरण एवं झाँकी कार्यक्रम में आर्यन महाकाल झांकी,पटना के कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज से माता भगवती के भक्ति गीतों को गाकर जमकर जलवा बिखेरें। वहीं आर्यन महाकाल के नेतृत्व में कलाकारों ने विभिन्न भक्ति गीतों एवं आकृषक झांकी के माध्यम से श्रोताओं का मनमोह लिया। कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुत किये गए झांकियों एवं भक्ति गीतों पर जमकर तालिया बटोरी गई एवं श्रोताओं को खूब रिझाया गया। इसके पूर्व देवी मां के जयकारों के बीच भक्ति गीतों का दौर प्रारंभ हुआ। जागरण कार्यक्रम में कलाकार आर्यन मोहन के अलावे रूबी सिंह, हेमन्त, सूरज, गोविंद आदि शामिल थे। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजन कुमार वर्मा,सुमित कुमार वर्मा,विक्की सिंह समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण सहयोग किया। इसके पूर्व जागरण कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन युवा नेता व समाजसेवी जोगाचक निवासी सम्राट यादव के द्वारा फीता काटकर किया गया।

# भक्तों ने की मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** शारदीय नवरात्र के महाअष्टमी को भक्ति और श्रद्धा की अद्भुत छटा देखने को मिली। महाअष्टमी, जिसे नवरात्र का परम पावन और अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। इस दिन भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान भैंसासुर भक्तों की अपार भीड़ रही। भव्य पंडाल में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई। महिलाएं मां की गोद भराई के लिए कतारबद्ध दिखी। वहीं पुलपर, रामचंद्रपुर, सोहासराय, सहोखर, अलीनगर, झींगनगर, मोहद्दीनगर में मां के स्वरूप को भक्तों ने दर्शन किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां महागौरी की उपासना से साधकों को सुख-शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। शहर के मंदिरों, दुर्गा पंडालों और घरों में भक्तों ने पूरे दिन उपवास, पूजन, और संध्या आरती की। आज नवरात्रि के नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा की परंपरा है। आज कन्या पूजन का विशेष विधान है।

# दुर्गा पूजा में सफाई एजेंसी बनी रही निष्क्रिय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 10 दिनों तक चलने वाले नवरात्र के त्यौहार में इस बार नगर परिषद की सफाई एजेंसी निष्क्रिय बना रहा। जगह-जगह कचड़ों का ढेर, उठती सडांध दुर्गंध और रास्ते के बीच में जमा नाली का पानी को भी साफ करने में सफाई एजेंसी नकारा साबित हुई। शहर के रामनगर, पुराने बस स्टैंड, आरएम डब्लू कॉलेज सहित कई स्थानों पर कचरों का ढेर रहने से उसे रास्ते से गुजरने वाले श्रद्धालु भक्तों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूजा के दौरान नगर परिषद द्वारा साफ सफाई कराए जाने की घोषणा भी बेअसर दिखाई दिया। नगर में सफाई के नाम पर प्रति महीने एक करोड़ रुपए खर्च हो जाती है। इसके बावजूद इस पावन त्यौहार में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं रहने से लोगों में काफी आक्रोश दिखा। लोगों ने सीधे तौर पर इसके लिए वार्ड पार्षद और जनप्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया है। लोगों का कहना है कि खर्च होने वाली राशि का बंदर बांट कर लिए जाने के कारण सफाई एजेंसी सफाई नहीं करती और वार्ड पार्षद मुंह में दही जमाए बैठे रहते हैं। जनता का मूड कुछ इस कदर गर्म दिखा की वार्ड पार्षदों को सबक सिखाने का भी मन बना लिया है। कई लोगों ने तो सफाई एजेंसी की निविदा रद्द करने की मांग जिला प्रशासन से की है, ताकि शहर को ऐसे एजेंसी से निजात मिल सके और लोग को साफ सफाई करने वाले दूसरे बेहतर एजेंसी शहर में काम करें।

जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ

बतवां मोर, जम्होर, औरंगाबाद सदर

Mob-7739871701/8809861559

पत्रांक :-238 दिनांकः- 27.09.2025

कोटेशन / निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बतवां मोर, जम्होर, औरंगाबाद सदर, औरंगाबाद (बिहार) के द्वारा रसोई उपकरण (किचन उपकरण 01 रोटी बनाने की मशीन एवं 01 आटा गूंथने की मशीन) खरीदारी हेतु सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी दर प्रस्तुत करने हेतु कोटेशन/निविदा आमंत्रित किया गया है, जिसकी कोटेशन / निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08/10/2025 को 12:30 PM बजे अपराहन तक होगी तथा कोटेशन / निविदा खोलने की तिथि 08/10/2025 को 01:00 PM बजे अपराहन होगी। इस कोटेशन / निविदा को जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बतवां मोर, जम्होर, औरंगाबाद (बिहार) के सदस्यों एवं आवेदनकर्ता की उपस्थिति में खोला जा सकता है। इच्छुक आवेदनकर्ता कार्यालय समय में रविवार एवं अन्य अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालय में कोटेशन / निविदा प्रपत्र का अवलोकन कर सकते हैं एवं कोटेशन / निविदा पत्र को प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कोटेशन / निविदा पत्र को विहित प्रपत्र एवं निहित सूचनाओं एवं अभिलेख के साथ बंद लिफाफे में कार्यालय अवधि के दौरान जमा किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर आवेदनकर्ता का नाम, पता एवं मोबाइल संख्या का होना अनिवार्य है।

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

पता : जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बतवां मोर, जम्होर, औरंगाबाद (बिहार)

# सहकारिता मंत्री ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन कार्यों का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना और मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि बुनियादी सुविधाओं से वंचित किसी भी नागरिक तक विकास की रोशनी पहुंचे। इसी उद्देश्य से नाली, पथ, सामुदायिक भवन और घाट निर्माण जैसी परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत वार्ड संख्या 32 में 5.03 लाख और 6.62 लाख की लागत से नाली निर्माण, वार्ड संख्या 31 में 6.83 लाख की लागत से पथ निर्माण, वार्ड संख्या 41 में




6.23 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड संख्या 30 (इमामियाचक) में 6.87 लाख की लागत से नाली निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा वार्ड संख्या 16 में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य का उद्घाटन किया गया और 11.97 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण का शिलान्यास हुआ। वार्ड संख्या 4 छोटकी नवादा में 3.22 लाख, वार्ड संख्या 3 में 5.57 लाख और वार्ड संख्या 29 में 4.57 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत वार्ड संख्या 30 में 12.48 लाख की लागत से पथ निर्माण, वार्ड संख्या 22 में 11.61 लाख की लागत से सीढ़ियां घाट निर्माण, वार्ड संख्या 4 में 16.66 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण, वार्ड संख्या 3 अंतर्गत खरखुरा में 7.80 लाख और जगदेव नगर में 33 लाख की लागत से पथ एवं नाली निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह प्रयास गया नगर क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करेगा। आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और स्वच्छ, सुरक्षित व सुव्यवस्थित शहरी जीवन का सपना साकार होगा। स्थानीय नागरिकों ने इन निर्माण कार्यों पर खुशी जताई और कहा कि इससे जलजमाव की समस्या खत्म होगी, आवाजाही सुगम होगी और सामाजिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मौके पर अधिवक्ता मुकेश शर्मा, वार्ड पार्षद उपेंद्र कुमार, प्रेम सागर, हरि यादव, बंटी वर्मा, शिवनारायण पासवान, शंभु यादव, शिवनारायण चंद्रवंशी, कौशलेंद्र सिंह, श्रीकांत कुमार, दिवाकर कुमार, बउआ, वेद प्रकाश, गौतम, अशोक गुप्ता, पम्मी सिंह, बबलू चंद्रवंशी, गौतम रजक, करण गुप्ता और छोटे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शेरघाटी शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, वैकल्पिक मार्ग निर्धारित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** दुर्गापूजा के अवसर पर शेरघाटी शहरी क्षेत्र में संभावित अत्यधिक भीड़, यातायात जाम एवं विधि व्यवस्था की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। प्रशासन के आदेशानुसार 29 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक शेरघाटी शहरी क्षेत्र में भारी वाहन, व्यवसायिक वाहन, टेम्पू, टोटो रिक्शा आदि के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में इन वाहनों को शहर के चारों ओर स्थित रिंग रोड के वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जाएगा। इस व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू कराने के लिए प्रशासन ने दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी की है। ताकि ट्रैफिक व्यवस्था नियंत्रित रहे और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं ए एस पी शैलेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रशासन ने आम नागरिकों, वाहन चालकों और व्यवसायियों से अपील की है कि वे इस अस्थायी व्यवस्था में सहयोग करें और त्योहार को शांतिपूर्वक व सुरक्षित रूप से मनाएं।

## एक नजर

### पूर्व पैक्स अध्यक्ष ने की गाली गलौज व फायरिंग करने की शिकायत दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी प्रखण्ड के छठवां पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार द्वारा टिकारी थाना में गाली गलौज करने व फायरिंग करने की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित जितेंद्र कुमार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि सोमवार की रात्रि अपने गांव चिरैली में संचालित जेनरल स्टोर पर अन्य लोगों के साथ बैठा था। इसी दौरान दुकान पर आकर एक युवक द्वारा बहस की जाने लगी। बहस के दौरान ही युवक द्वारा हथियार निकाल फायर कर दिया गया। श्री कुमार ने फायर करने का आरोप शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोला बाजार के रहने वाले प्रिंस कुमार उर्फ भीम पर लगाया। श्री कुमार ने प्रिंस के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि मामले की शिकायत मिलते ही गश्ती दल रात को ही मामले की जांच की। पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत को लेकर जांच की जा रही है। अब तक बताये गये घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है।

### दशहरा को लेकर शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** दशहरा को लेकर शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई। पाबंदी आगामी दो अक्टूबर को सुबह आठ बजे से रात्रि 12 बजे तक के लिए लगाई गई है। पाबंदी के पालन कराने को लेकर शहर के पांच प्रवेश पॉइंट पर बैरिकेडिंग कर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम प्रवीण कुंदन व एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के हस्ताक्षर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार चिरैली मोड़ पर पीआरएस दीपक कुमार, कॉलेज मोड़ पर पीआरएस रामसेवक प्रसाद, बेलहड़िया मोड़ डाकबंगला के समीप पीआरएस राजदेव पासवान, बेलहड़िया कब्रिस्तान के समीप पीआरएस धर्मेंद्र कुमार व बहेकिया बिगहा केसपा मोड़ के समीप पीआरएस विरण कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। मजिस्ट्रेट के साथ टिकारी थाना से पुलिस बल की भी तैनाती की गई है। प्रतिनियुक्त किये गए मजिस्ट्रेट को 30 नवंबर से दो अक्टूबर तक सुबह आठ बजे से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोकने की बात कही। नप ईओ को बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया गया है।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद(गयाजी)।** मंगलवार को सेवा पर्व के चौदहवें दिन जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय जहानाबाद के प्रांगण में डीईओ के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए आम जन को वृक्षारोपण अभियान से व्यापक रुप से जुड़ने का आह्वान किया। जिले भर में राष्ट्रव्यापी एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर आज 100 पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है।

### अकाल और ऑपरेशन सिंदूर की रचनाओं पर खूब बजी तालियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** हिन्दी-मगही साहित्यिक मंच की मासिक बैठक में अकाल और ऑपरेशन सिंदूर सहित अन्य विषयों पर रचित मगही रचनाओं को सुनाया गया जिसने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। मगही रचनाकार बच्चू शर्मा ने कविताओं के माध्यम से कहा कि खर्चा नय घटतो त न जुटतो खर्ची, सोना तो रोजी नय बिक जइतो पहुंची--रचनाओं पर खूब तालियां बजी। हिन्दी रचना ऑपरेशन सिंदूर के तहत रचनाकार ने कहा कि पीओके हम वापस लेंगे कहता हिन्दुस्तान रे, मर जाएगा मिट जाएगा सुन ले पाकिस्तान रे, सुन ले बेशरम--सहित अन्य रचनाएं भी सुनाई गई। रचनाकार ने कहा कि मगह की माटी से पैदा हुए इस मगही भाषा हम भूलते जा रहे हैं, इस भाषा में अपनों को प्यार से जोड़े रखने की शक्ति है।

## डीएम ने राजस्व कर्मचारी को रिश्वत मांगने के आरोप में किया निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में चार लाख रुपए का रिश्वत मांगने वाले राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। राजस्व कर्मचारी से जुड़ा एक ऑडियो जिले के डीएम शशांक शुभंकर के व्हाट्सएप पर मिला था। इसकी छानबीन की गई तो ऑडियो सही प्रतीत हुआ जिसके बाद राजस्व कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई गया डीएम के द्वारा की गई है। सोमवार शाम को डीएम शशांक शुभंकर के व्हाट्सएप पर डोभी अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार के खिलाफ एक ऑडियो आया था। इस ऑडियो में राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए दलाल के माध्यम से 4 लाख रूपए की रिश्वत मांगी गई थी। ऑडियो मिलने के बाद इसकी सत्यता की जांच की गई तो ऑडियो सही प्रतीत हुआ। इसके बाद डीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोप के घेरे में आए राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार को निलंबित कर दिया। डीएम के निर्देश पर इस मामले की पूरी जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल जो ऑडियो मिला है, उसके संबंध में प्रशासन की ओर से बताया गया है कि वह प्रथम दृष्ट्या सही प्रतीत होता है और इसकी अग्रतर जांच जारी है। फिलहाल में राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम शशांक शुभंकर ने बताया गया है कि जिले में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य किया जा रहा है। इस तरह से कोई यदि रिश्वत मांगता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डोभी अंचल कार्यालय में पोस्टेड राजस्व कर्मचारी सन्नी कुमार के खिलाफ एक ऑडियो आया था जिसमें चार लाख रुपए रिश्वत मांगने की बात सामने आई थी। प्राप्त ऑडियो के सुने जाने पर यह बात सामने आई कि राजस्व कर्मचारी के द्वारा राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए अपने दलाल के माध्यम से 4 लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई है जो प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होता है। फिलहाल आरोपित राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच होगी और अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

## नवरात्र शक्ति, श्रद्धा और आस्था का पर्व : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने नवरात्र के पावन अवसर पर गया नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कई पूजा पंडालों का विधिवत उद्घाटन भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्र शक्ति, श्रद्धा और आस्था का पर्व है। गयाजी की विभिन्न समितियों द्वारा इस वर्ष भव्य दुर्गा पूजा पंडालों का आयोजन किया गया है जिनमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय, दुर्गा पूजा समिति चांदचौरा, 108 बड़ी अंबा महारानी, दुर्गा पूजा युवा समिति, सत्यकाम समिति, यंग सोसायटी क्लब और काली पूजन समिति समेत कई अन्य शामिल हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना



कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नवरात्र मां दुर्गा की उपासना और शक्ति साधना का पर्व है। मां सभी भक्तों पर अपनी कृपा बरसाएं और बिहार को प्रगति, शांति और समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ाएं। उन्होंने लोगों से इस पर्व को श्रद्धा, सौहार्द और भाईचारे की भावना से मनाने का आह्वान किया। मौके पर विकास कुमार, प्रेम सागर, सुधीर शर्मा, हरि यादव, संतोष सिंह, टिंकू गोस्वामी और निकिता रजक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नवरात्र में कन्या पूजन का विशेष महत्व : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर गया शहर के गोदावरी रोड स्थित भैरव स्थान के पास सामुदायिक भवन में भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ उपस्थित हुए। कन्या पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है जिसमें नवरात्र के दौरान छोटी बच्चियों को देवी दुर्गा का स्वरूप मानकर पूजन किया जाता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित कई प्रमुख नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधिवत



कन्या पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि के इन पावन दिनों में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। हमारी संस्कृति में कन्या को देवी का स्वरूप माना गया है और कन्या पूजन कर हम मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने सौ वर्षों की यात्रा में समाज को सेवा, राष्ट्रवाद और संस्कारों से जोड़ा है। मौके पर सेवा भारती के अभिषेक राज, नीरज कुमार सिंह, चंदन कुमार, धीरज कुमार, मंटू कुमार, विकास दुबे, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, हीरा यादव, सत्येंद्र कुमार, सत्तू लाल, बिहारी यादव, गोपाल यादव, दीपक पांडे, बबलू गुप्ता, महेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अष्टमी पर श्रद्धालुओं की भीड़, पंडालों में आकर्षक सजावट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** मंगलवार को दशहरा की अष्टमी के अवसर पर कोंच प्रखण्ड के उतरेंन, उसास, सिंघड़ा, आंती, काबर सहित कई स्थानों पर प्रतिमा और भव्य पंडाल सजाए गए। आकर्षक रोशनी और सजावट से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा है। सुबह से ही श्रद्धालु प्रतिमाओं के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पंडालों में उमड़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर बाजार तक जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। पंडालों में बज रहे भक्ति गीत और ढोल-नगाड़े से वातावरण गूंजायमान है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन सतर्क दिख रहा है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न



हो। अष्टमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना और कन्या पूजन का आयोजन भी किया जा रहा है। शाम होते ही पंडालों में और अधिक भीड़ जुटने की संभावना है। दशहरा पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है।

## डीएम ने अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची कराई उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अहर्ता तिथि 1 जुलाई 2025 के तहत विशेष विशेष गहण पुनरीक्षण कार्यक्रम के आलोक में मंगलवार 30 सितंबर को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा बैठक आयोजित की गई और उक्त बैठक में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। जिले के सभी 10 विधानसभा क्षेत्र में 1563126 पुरुष मतदाता, 1406273 महिला मतदाता एवं 36 अन्य मतदाता हैं। इस प्रकार कुल 2969435 मतदाता हैं। गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 150438 है, महिला मतदाता 133549 है एवं अन्य मतदाता 02 है। इस प्रकार गुरुआ विधानसभा में कुल 283989 मतदाता है। शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 145019 है, महिला मतदाता 132436 है एवं अन्य मतदाता 06 है। इस प्रकार शेरघाटी विधानसभा में कुल 277461 मतदाता है। इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 158245 है, महिला मतदाता 142635 है एवं अन्य मतदाता 08 है। इस प्रकार इमामगंज विधानसभा में कुल 300888 मतदाता है। बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 162357 है, महिला मतदाता 146682 है एवं अन्य मतदाता 01 है। इस प्रकार बाराचट्टी विधानसभा में कुल 309040 मतदाता है। बोधगया विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 170452 है, महिला मतदाता 154788 है एवं अन्य मतदाता 02 है। इस प्रकार बोधगया विधानसभा में कुल 325242 मतदाता है। गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 144947 है, महिला मतदाता 133609 है एवं अन्य मतदाता 03 है। इस प्रकार गया टाउन विधानसभा में कुल 278559 मतदाता है। टिकारी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 160024 है, महिला मतदाता 139634 है एवं अन्य मतदाता 10 है। इस प्रकार टिकारी विधानसभा में कुल 299668 मतदाता है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 146467 है, महिला मतदाता 129101 है एवं अन्य मतदाता 02 है। इस प्रकार बेलागंज विधानसभा में कुल 275570 मतदाता है। अतरी विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाता 160650 है, महिला मतदाता 145432 है एवं अन्य मतदाता 01 है।

## हिंदी हमारी भावनाओं और संस्कृति की आत्मा : कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं और संस्कृति की आत्मा है। इसलिए हमें इसे अपने दैनिक व्यवहार और शैक्षणिक कार्यों में सहज रूप से अपनाना चाहिए। उक्त वक्तव्य दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने मंगलवार को हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में अपने अध्यक्षीय संबोधन में कही। उन्होंने विश्वविद्यालय में दैनिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी के हो रहे इस्तेमाल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें और उत्कृष्टता लाने का आह्वान किया। कुलपति ने हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताएं के प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन भाषा और समाज दोनों को जीवंत बनाते हैं।कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, प्रो. बुधेन्द्र कुमार सिंह, डॉ. समरेश भारती (सहायक प्राध्यापक), प्रो. आर. के. सिंह (विशेष कार्य पदाधिकारी), प्रतीश कुमार दास (उपकुलसचिव), कुमार कौशल (उपकुलसचिव), शशि रंजन, अमित कुमार, ओम प्रकाश शर्मा, लालकृष्ण, विनोद कुमार, डॉ. मनीषा तिवारी (हिन्दी अधिकारी), सरिता मिश्रा (हिन्दी अनुवादक), हिटलर प्रसाद हिंदी टंकक एवं अन्य संकायगण, कार्मिकगण एवं विद्यार्थिगण भी उपस्थित थे। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह बड़े ही उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। दो सप्ताह तक चले इस आयोजन के दौरान निबंध लेखन, वाद-विवाद, स्वरचित कविता पाठ, राजभाषा प्रश्नोत्तरी और सुलेख जैसी विविध प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों और कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता और आत्मीयता को बढ़ाया।

## बीटी बीघा गांव में असामयिक मौत से टूटा परिवार, बच्चों के भविष्य पर संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के बीटी बीघा गांव में एक महिला की असामयिक मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार मृतका, मन्नू मिश्रा की पुत्रवधू थी जिनका निधन पटना में इलाज के दौरान हो गया। चिकित्सकों ने उन्हें कैंसर पीड़ित बताया था। परिवार पहले से ही विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रहा था क्योंकि मृतका के पति सुनील मिश्रा का करीब छह वर्ष पूर्व किडनी खराब हो जाने के कारण निधन हो गया था। पति-पत्नी दोनों के असमय चले जाने से उनके दो छोटे बच्चे बेसहारा हो गए हैं। बताया जाता है कि एक बच्चे की उम्र लगभग 15 वर्ष जबकि दूसरे की उम्र करीब 8 वर्ष है। दोनों बच्चे मां-बाप के निधन से पूरी तरह टूट चुके हैं और परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दादा-दादी की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है जिससे बच्चों के लालन-पालन और पढ़ाई-लिखाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों और परिवार के सदस्यों ने सरकार एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि इस दुख की घड़ी में बेसहारा हुए बच्चों की देखभाल और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गांव के लोग भी परिवार को ढाढस बंधा रहे हैं और हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दे रहे हैं।

## बुढ़िया नदी में चांपी गांव को जोड़ने वाली पुलिया निर्माण से ग्रामीणों को मिली राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** जन सुराज नेता ने अपने निजी मद से चांपि पंचायत को जोड़ने वाली बुढ़िया नदी में बनाया पुल। बताते चलें कि प्रखंड के चांपी गांव के पास जन सुराज के नेता पवन किशोर ने अपने निजी मद से ग्रामीणों की सुविधा के लिए पुलिया का निर्माण कराया। इस पुलिया के बनने से चांपी, समदा, झौर समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब तक ग्रामीणों को



शेरघाटी आने-जाने के लिए बुढ़िया नदी का पानी पार करना पड़ता था जिससे पैदल यात्रियों और वाहनों को काफी परेशानी होती थी। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने 'पुलिया नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाकर अपनी मांग को मजबूती से उठाया था। ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए पवन किशोर ने तुरंत पुलिया निर्माण का निर्णय लिया और अल्प समय में इसे पूरा कराया। पुलिया तैयार होने के बाद अब वाहनों की आवाजाही आसान हो गई है और पैदल यात्रियों को भी सुरक्षित मार्ग मिल गया है। ग्रामीणों ने पवन किशोर के इस पहल की सराहना की और उनका आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान अब जाकर संभव हो सका। उन्होंने बताया कि पुलिया निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई गई थी, लेकिन किसी ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। इस मौके पर पवन किशोर ने कहा कि ग्रामीणों को जात-पात से ऊपर उठकर ऐसे जनप्रतिनिधियों का चयन करना चाहिए जो उनकी समस्याओं को सुनें और समय पर समाधान करें।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

ई.पी.सी. निविदा सूचना सं. पूमरे–मुप्रअ–नि–उ–ई.पी.सी. निविदा–27–25–26

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.पी.सी. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र. सं. 1, कार्य का नाम–विवरण:** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के मुजफ्फरपुर–सीतामढ़ी खण्ड के दोहरीकरण से संबंधित मुजफ्फरपुर (छोड़कर) से सीतामढ़ी (छोड़कर) (अर्थात किमी. 4.837 से किमी. 63.577) (कुल लंबाई–57.340 किमी.) के बीव 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के लिए दोहरीकरण कार्य का निर्माण, जिसमें मिट्टी कार्य, ब्लैंकटिंग, छोटे पुलों, बड़े/महत्वपूर्ण पुलो, स्टेशन एवं अन्य भवनों, प्लेटफार्म संबंधित कार्य, लेवल क्रांसिंग कार्य, तथा अन्य विविध कार्य इत्यादि शामिल है (ट्रैक कार्य और किमी. 9.300 से 9.900 के मध्य महत्वपूर्ण पुल सं. 12 एवं किमी. 32.600 से 33.400 के मध्य महत्वपूर्ण पुल सं. 47 का कार्य छोड़कर)।, **2. कार्य का लगभग मूल्य:** रू. 635,39,48,845.92, **3. बीड सिक्यूरिटी की राशि:** रू. 2,00,00,000.00, **4. प्री–बिड कॉंफ्रेस की तिथि एवं समय:** 22.10.2025, चौदह तीस बजे।, **5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 24.12.2025, चौदह तीस बजे।, **6.** वेबसाइट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहा पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहॉं पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि: उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है।

**द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण,**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/1066/सीएन/एन/एमएचएक्स/सीओएनएसटी/टी/25–26/52



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं0– डी.डी.यू./ईएल/जी0/ई0–निविदा/25–26/15**
**दिनांक 26.09.2025**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी0/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध हैं, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **क्र.सं.:** 01 **कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं. डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2025–26/07 विषय– (पार्ट–ए)** डीडीयू मंडल के अन्तर्गत 5 अदद आरसीसी ओवरहेड टैंक बदलने में डेहरी, रफीगंज, औरंगाबाद, गया एवं फेसर में विद्युतीकरण एवं पावर सप्लाई व्यवस्था करने के संबंध में। **(पार्ट–बी)** डीडीयू मंडल के अन्तर्गत पहलेजा स्टेशन के 3 मीटर एफओबी हाई लेवल प्लेटफार्म में विद्युतीकरण एवं पावर सप्लाई की व्यवस्था करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रु0 3645069.40 **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 23.10.2025 15:00 hrs. **ई–निविदा वेब साइट का विवरण:** www.ireps.gov.in **क्र.सं.:** 02 **कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं. डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2025–26/08 विषय–** डीडीयू मंडल के अन्तर्गत फेसर स्टेशन के यार्ड री–माडलींग इन्क्रीजिंग डाउन लूप सेकेन्ड लूप एवं संटिंग और अप लूप में विद्युती कार्य करने के संबंध में। **कार्य करने की कुल लागत:** रु0 4808445.16 **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 23.10.2025 15:00 hrs. **ई–निविदा वेब साइट का विवरण:** www.ireps.gov.in

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा0)**
**पूर्व मध्य रेल, डी.डी.यू.**

पीआर/1061/डीडीयू/टी/व.म.वि.अ.(सा0)/25–26/52

संपादकीय

# राजनेता की यह कैसी बेरहमी?

तमिलनाडु के करूर में 28 सितंबर की रात अभिनेता से नेता बने विजय थलापति की सभा में मची भगदड़ में 39 लोगों की असमय मौत और 95 लोगों के घायल होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना इस बात को फिर से रेखांकित किया है कि नेता और प्रशासन भीड़ जुटा तो लेते हैं, लेकिन बाद में उन पर उसका नियंत्रण नहीं रह जाता। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं, जो प्रिय अभिनेता को देखने और सुनने के लिए छोटे से मैदान में जमा हुए थे। उन्हें अंदाजा नहीं था कि यह राजनीतिक रैली उनके जीवन के अंतिम रैली साबित होगी। इस घटना के बाद तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये के मुआवज़े का ऐलान किया है। सरकार ने घटना की जांच के लिए रिटायर्ड हाई कोर्ट जस्टिस अरुणा जगदीशन की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग की घोषणा भी कर दी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने ज़िले में इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू करने के लिए कहा है। लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि जिस एक्टर विजय के आह्वान पर यह भीड़ जमा हुई थी, वो हादसा होने के बाद पीड़ितों की मदद करने के बजाए तत्काल चेन्नई भाग निकले और मृतकों के संवेदना तक व्यक्त नहीं की। दूसरी तरफ इस हादसे को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा और अन्य विपक्षी पार्टियों ने इस हादसे को लेकर सत्तारूढ़ डीएमके को घेरा है। हालांकि चेन्नई पहुंचने के बाद विजय ने घटना पर दुख जताते की औपचारिकता जरूर पूरी की। इस समूचे हादसे से स्पष्ट है कि अभिनेता के नाम पर भारी भीड़ तो जमा हो गई, लेकिन उस पर किसी का कोई नियंत्रण नहीं था। दरअसल तमिल अभिनेता विजय ने पिछले अपनी नई राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीसी) के स्थापना की थी। इसी पार्टी के प्रमोशन के लिए करूर में रैली का आयोजन किया गया था। विजय की सभा सात घंटे देरी से प्रारंभ हुई और हुई तो यह हाल हुआ। बताया जाता है कि रैली में जब विजय भाषण दे रहे थे, तभी भीड़ में भगदड़ मच गई। विजय ने मंच से घोषणा की थी कि एक बच्ची गुम है। उसके बाद तो सभा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। इसी भगदड़ में कई लोगों को जान गंवानी पड़ी। इसके बाद विजय ने अपना भाषण रोककर, ख़ासतौर पर बनाई गई प्रचार बस के ऊपर से लोगों के लिए पानी की बोतलें फेंकीं। जानकारों विजय थलापथि 2026 के तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। इसके चलते विजय राज्यभर में आमसभाएं कर रहे हैं। इसका उद्देश्य जनता को पार्टी के एजेंडे और विचारधारा से अवगत कराना है। इन सभाओं में वे स्वयं को सत्तारूढ़ दल डीएमके के सबसे प्रमुख विरोधी की छवि गढ़ने में लगे हैं। विजय के पीछे परोक्ष रूप से भाजपा का हाथ भी माना जा रहा है। गौरतलब है कि तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेताओं और अभिनेत्रियों का जबरदस्त प्रभाव रहा है। इसके चलते कई अभिनेता और अभिनेत्रियां राजनीतिक पार्टियां बनाकर सत्ता का खेल खेलती रहती हैं। हालांकि इस खेल में दो चार लोगों को ही उल्लेखनीय सफलता मिली है, बाकी सब खेल ही रहे हैं। तमिल फिल्मों के सबसे बड़े अभिनेता रजनीकांत ने भी सियासत में उतरने की कोशिश की थी, लेकिन आखिर में पीछे हट गए। अभिनेता, नेता बनें, इसमें भी कोई परेशानी नहीं हैं, लेकिन संवेदनहीन नेता किस काम के जो अपनी रैली में आए प्रशंसकों को मरता छोड़कर खुद भाग निकले। यह तो हद दर्जे की निष्ठुरता है। इस घटना से टीवीके राजनीतिक भविष्य क्या होगा, इसका अंदाजा लग सकता है।

# जीएसटी 2.0 : चुनौतियों के आगे उम्मीद वाला भविष्य

**भारत में कर सुधारों की लम्बी यात्रा एक नए मोड़ पर पहुँच चुकी है। एक जुलाई 2017 को लागू हुआ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक राष्ट्र, एक कर, एक बाज़ार की दिशा में ऐतिहासिक कदम था। लेकिन पिछले आठ वर्षों में इस प्रणाली की जटिलता और दरों की असमानता को लेकर लगातार आलोचना होती रही। अब सरकार ने इन कमियों को दूर करने के उद्देश्य से जीएसटी 2.0 लागू कर दिया है, जो 22 सितंबर 2025 से पूरे देश में प्रभावी हो चुका है। नई व्यवस्था को सरकार ने कर प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने की दिशा में सबसे बड़ा कदम बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बदलाव न केवल किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए राहत लेकर आएगा, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी दीर्घकालिक रूप से नई गति दे सकता है। हालांकि इसके साथ कुछ चुनौतियाँ भी जुड़ी हुई हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।**

**डॉ. अजीत कुमार**

कर ढाँचे में बड़ा बदलाव- वस्तु एवं सेवा कर 2.0 की सबसे बड़ी विशेषता कर दरों में व्यापक सरलीकरण है। जहाँ पहले चार प्रमुख स्लैब थे 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वहीं अब इन्हें घटाकर केवल दो प्रमुख दरें रखी गई हैं- 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत, इससे न केवल कर प्रणाली आसान हुई है, बल्कि उपभोक्ता और व्यापारी दोनों के लिए स्पष्टता बढ़ी है। 5 प्रतिशत दर में अब रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुएँ, बीज, खाद, कीटनाशक और छोटे पैमाने की सेवाएँ शामिल हैं। जबकि 18 प्रतिशत दर में औद्योगिक सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और निर्माण सामग्री आती हैं। पहली बार सरकार ने 0 प्रतिशत दर की श्रेणी भी बनाई है, जिसमें गेहूँ, चावल, दालें, दूध, पनीर, रोटी, पराठा जैसी खाद्य वस्तुएँ और स्वास्थ्य व बीमा सेवाएँ शामिल की गई हैं। यह सीधा असर आम जनता की जेब पर डालेगा और समाज के कमजोर वर्ग को राहत देगा। दूसरी ओर, संतुलन बनाने के लिए लक्ज़री वस्तुओं और 'पाप उत्पादों' पर कर दरें बढ़ा दी गई हैं। शराब, सिगरेट, तंबाकू उत्पाद और बड़ी कारों पर टैक्स अब 40 प्रतिशत तक पहुँचा दिया गया है। इससे एक ओर जहाँ सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा, वहीं हानिकारक उपभोग को भी नियंत्रित करने का प्रयास होगा।

भारतीय कृषि लंबे समय से ऊँची उत्पादन लागत की समस्या से जूझ रही है। बीज, खाद, सिंचाई उपकरण और ट्रैक्टर जैसे कृषि यंत्र महँगे होने के कारण किसानों की आय पर सीधा असर पड़ता है। जीएसटी 2.0 इस दिशा में राहत लेकर आया है। पहले ट्रैक्टर और अन्य कृषि वाहनों पर 28 प्रतिशत तक कर देना पड़ता था। अब यह घटकर 18 प्रतिशत रह गया है। आधुनिक सिंचाई उपकरण जैसे ड्रिप इरिगेशन और स्प्रिंकलर 5 प्रतिशत पर उपलब्ध होंगे, जबकि जैविक खाद और बायो-फर्टिलाइज़र 0 प्रतिशत या 5 प्रतिशत दर पर मिलेंगे। अनुमान है कि इन बदलावों से किसानों की लागत लगभग 8 से 10 प्रतिशत तक कम हो जाएगी।




किसानों के लिए एक और बड़ी राहत यह है कि राज्यों की सीमाओं पर कर जाँच चौकियों और बाधाओं को और सरल कर दिया गया है। अब किसान सब्ज़ियाँ, फल, अनाज और दुग्ध उत्पाद आसानी से एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुँचा सकेंगे। इससे न केवल परिवहन समय कम होगा बल्कि नाशवान वस्तुओं की बर्बादी भी घटेगी। विशेष रूप से दूध, सब्ज़ी और फल उत्पादकों के लिए यह बड़ा कदम है। डेयरी और पशुपालन क्षेत्र पर भी सीधा असर दिखाई देगा। दूध, घी, पनीर जैसे उत्पादों पर कर घटने से उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर सामान मिलेगा। वहीं किसानों और सहकारी समितियों को अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे अमूल जैसी बड़ी सहकारी संस्थाओं से लेकर छोटे दुग्ध उत्पादक तक सभी को लाभ होगा।

ग्रामीण भारत में उपभोग क्षमता अक्सर किसानों की आय से सीधे जुड़ी होती है। जब किसानों की लागत घटेगी और आय बढ़ेगी तो उनकी क्रय-शक्ति में भी वृद्धि होगी। इसका परिणाम यह होगा कि ग्रामीण उपभोक्ता अब टीवी, मोबाइल, बाइक और अन्य घरेलू उपकरणों पर खर्च कर सकेंगे। इससे ग्रामीण बाज़ार में मांग बढ़ेगी और छोटे उद्योगों से लेकर बड़े ब्रांडों तक को फायदा होगा। यानी जीएसटी 2.0 केवल कर सुधार नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में उपभोक्ता संस्कृति को नया आकार देने की क्षमता भी रखता है।

नई व्यवस्था में सबसे सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ेगा। रोज़मर्रा की ज़रूरत की चीज़ें जैसे दूध, दालें, रोटी, पराठा, दवाइयाँ और बीमा सेवाएँ अब करमुक्त हैं। इससे मध्यम और निम्न वर्ग को बड़ी राहत मिली है। दूसरी ओर, टीवी, फ्रिज, कूलर, बाइक और छोटे वाहनों पर कर घटने से मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक दूर हुई है। यह वर्ग अब आसानी से उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहनों की खरीदारी कर पाएगा। हालांकि, लक्ज़री वस्तुओं और आयातित सामानों पर कर बढ़ने से अमीर वर्ग प्रभावित होगा। लेकिन सरकार का तर्क है कि इस अतिरिक्त कर से मिलने वाला राजस्व स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में लगाया जाएगा।

जीएसटी 2.0 केवल कर दरों का बदलाव नहीं है, बल्कि यह सरकार की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। दरों को सरल और कम करने से उम्मीद है कि व्यापारी टैक्स चोरी की बजाय स्वेच्छा से भुगतान करेंगे। आवश्यक वस्तुओं पर कर घटाकर उपभोग बढ़ाने की कोशिश की गई है। वहीं लक्ज़री और पाप वस्तुओं पर कर बढ़ाकर राजस्व संतुलन बनाने का प्रयास हुआ है। सरकार का दावा है कि इस अतिरिक्त राजस्व का उपयोग सामाजिक कल्याण योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा क्षेत्र में किया जाएगा। इससे दीर्घकालिक विकास की राह तैयार होगी।

हालाँकि इस सुधार के साथ कई चुनौतियाँ भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती शुरुआती वर्षों में संभावित राजस्व हानि है। जब आवश्यक वस्तुओं पर कर घटाया गया है, तो सरकार को अल्पकालिक रूप से कर संग्रह में कमी का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी चुनौती तकनीकी जटिलता की है। प्रक्रियाएँ भले ही आसान की गई हों, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे व्यापारियों के लिए ऑनलाइन रिटर्न दाख़िल करना अब भी कठिन है। डिजिटल विभाजन की समस्या यहाँ स्पष्ट रूप से सामने आती है। साथ ही, कुछ व्यापारी मानते हैं कि अभी भी दर असमानता पूरी तरह दूर नहीं हुई है। वहीं नए प्रावधानों को ज़मीनी स्तर पर लागू करना, खासकर ग्रामीण इलाकों में, सरकार के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

कई किसानों ने बताया कि पहले ट्रैक्टर के पार्ट्स पर 28 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता था, अब यह 18 प्रतिशत है। इससे उनकी लागत में लगभग 10 प्रतिशत की कमी आई है। डेयरी किसान मानते हैं कि पैकेज्ड पनीर और घी पर कर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत होने से बिक्री बढ़ी है और उपभोक्ता भी सस्ता सामान खरीद पा रहे हैं। फल उत्पादक संगठनों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट और पैकिंग पर कर कम होने से अब अंतरराष्ट्रीय बाज़ार तक पहुँच आसान हुई है। कुल मिलाकर जीएसटी 2.0 को भारतीय कर प्रणाली का अब तक का सबसे बड़ा सुधार कहा जा सकता है। इससे किसानों की लागत घटी है, उपभोक्ताओं को ज़रूरी सामान सस्ते मिले हैं और व्यापारियों के लिए प्रक्रियाएँ सरल हुई हैं। हालाँकि, राजस्व हानि, तकनीकी कठिनाइयाँ और दर असमानता जैसी चुनौतियाँ सरकार के सामने खड़ी हैं। यदि इनसे समय रहते निपटा गया तो जीएसटी 2.0 न केवल भारतीय कर व्यवस्था को पारदर्शी और सरल बनाएगा बल्कि कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मज़बूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

अध्यात्म

## व्यक्ति की पहचान, व्यवहार और नियत से है

एक राजा के दरबार मे एक अजनबी इंसान नौकरी माँगने के लिए आया। उससे उसकी क़ाबलियत पूछी गई, तो वो बोला, मैं आदमी हो चाहे जानवर, शक्ल देख कर उसके बारे में बता सकता हूँ। राजा ने उसे अपने खास घोड़ों के अस्तबल का इंचार्ज बना दिया। चंद दिनों बाद राजा ने उससे अपने सब से महंगे और मनपसन्द घोड़े के बारे में पूछा, उसने कहा, नस्ली नही हैं।राजा को हैरानी हुई, उसने जंगल से घोड़े वाले को बुला कर पूछा.. उसने बताया, घोड़ा नस्ली तो हैं, पर इसकी पैदायश पर इसकी माँ मर गई थी, ये एक गाय का दूध पी कर उसके साथ पला है। राजा ने अपने नौकर को बुलाया और पूछा तुम को कैसे पता चला के घोड़ा नस्ली नहीं हैं ? उसने कहा जब ये घास खाता है तो गायों की तरह सर नीचे करके, जबकि नस्ली घोड़ा घास मुह में लेकर सर उठा लेता हैं। राजा उसकी काबलियत से बहुत खुश हुआ, उसने नौकर के घर अनाज ,घी, मुर्गे, और अंडे बतौर इनाम भिजवा दिए। और उसे रानी के महल में तैनात कर दिया। चंद दिनो बाद , राजा ने उस से रानी के बारे में राय माँगी, उसने कहा, तौर तरीके तो रानी जैसे हैं लेकिन पैदाइशी नहीं हैं। राजा के पैरों तले जमीन निकल गई, उसने अपनी सास को बुलाया, मामला उसको बताया, सास ने कहा हक़ीक़त ये हैं, कि आपके पिताजी ने मेरे पति से हमारी बेटी की पैदाइश पर ही रिश्ता माँग लिया था, लेकिन हमारी बेटी 6 माह में ही मर गई थी, लिहाज़ा हम ने आपके रजवाड़े से करीबी रखने के लिए किसी और की बच्ची को अपनी बेटी बना लिया। राजा ने फिर अपने नौकर से पूछा तुम को कैसे पता चला ? उसने कहा, रानी साहिबा का नौकरो के साथ सुलूक गंवारों से भी बुरा हैं। एक खानदानी इंसान का दूसरों से व्यवहार करने का एक तरीका होता हैं, जो रानी साहिबा में बिल्कुल नही। राजा फिर उसकी पारखी नज़रों से खुश हुआ और बहुत से अनाज , भेड़ बकरियां बतौर इनाम दीं साथ ही उसे अपने दरबार मे तैनात कर दिया। कुछ वक्त गुज़रा, राजा ने फिर नौकर को बुलाया,और अपने बारे में पूछा। नौकर ने कहा जान की सलामती हो तो कहूँ। राजा ने वादा किया। उसने कहा, न तो आप राजा के बेटे हो और न ही आपका चलन राजाओं वाला है। राजा को बहुत गुस्सा आया, मगर जान की सलामती का वचन दे चुका था, राजा सीधा अपनी माँ के महल पहुंचा। माँ ने कहा, ये सच है, तुम एक चरवाहे के बेटे हो, हमारी औलाद नहीं थी तो तुम्हे गोद लेकर हम ने पाला। राजा ने नौकर को बुलाया और पूछा , बता, तुझे कैसे पता चला? उसने कहा जब राजा किसी को इनाम दिया करते हैं, तो हीरे मोती और जवाहरात की शक्ल में देते हैं। लेकिन आप भेड़, बकरियां, खाने पीने की चीजें दिया करते हैं। ये रवैया किसी राजाओं का नही, किसी चरवाहे के बेटे का ही हो सकता है। किसी इंसान के पास कितनी धन दौलत, सुख समृद्धि, रुतबा, इल्म, बाहुबल हैं ये सब बाहरी दिखावा हैं। इंसान की असलियत की पहचान उसके व्यवहार और उसकी नियत से होती हैं।

# ग्रेट निकोबार में घनघनाता अलार्म

**ग्रेट निकोबार में अलार्म लगातार घनघना रहा है। खतरे की घंटी लगातार बज रही है। मगर उसकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। घड़ी की सुइयां तेजी से घूम रही हैं और फैसले-दर-फैसले भयावह आपदा का सामान जुटा रहे हैं। पर्यावरणविद् सचेत हैं और वे भी जो प्रकृति और आदिवासियों से प्रेम और उनकी परवाह करते हैं। विभिन्न मंचों से उन्होंने अपनी चिंताओं का इजहार भी किया है। उद्विगन जनों ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में भी दस्तक दी है, मगर बात बनती नहीं दीखती और अनिष्ट की आशंका बढ़ती जा रही है। नृतत्व शास्त्रीय, पारिस्थितिकी और पर्यावरणीय संदर्भों को छोड़ भी दें तो भौगोलिक दृष्टि से भी हम ग्रेट निकोबार के बारे में कम जानते हैं।**

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

ग्रेट निकोबार अंडमान और निकोबार समूह का सबसे दक्षिणी और सुदूरवर्ती द्वीप है। पारिस्थितिकी के मान से अत्यंत समृद्ध यह द्वीप यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व है। यहां प्राचीनतम, दुर्लभ और अछूते वर्षावन की समृद्ध विरासत विद्यमान है। द्वीप का भू-राजनीतिक और सामरिक महत्व भी निर्विवाद है। यहां विलुप्तप्राय शोम्पेन जनजाति निवास करती है। त्सुनामी के बाद जिसके कुल लगभग ढाई सौ सदस्य बचे हैं। द्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित है भारत के सबसे दक्षिणी छोर का इंदिरा पाइंट और निकट ही है गलाथिया खाड़ी, जो बंगाल की खाड़ी में प्रवेश कर मुलायम चांदी जैसी रेत का विहंगम दृश्य रचती है। यहीं समुद्र के सबसे विशाल लेदरबैक कछुओं के करीब पांच सौ प्रजनन स्थल हैं। लेदरबैक कच्छप इन आवासों में ऋतु में आते है और प्रजनन के उपरांत कुछ आस्ट्रेलिया, तो कुछ अफ्रीकी तटों की ओर निकल जाते हैं। यहां प्रवाल भी हैं और मैंग्रोव भी। यह प्रवासी पक्षियों का प्रिय स्थल है। जनजातीय और नृतत्व शास्त्रीय अध्ययन के लिये यह महत्वपूर्ण और कीमती पाठशाला है। जैव-विविधता की तो बात ही क्या! मगर यह विलक्षण लोक अब खतरे में है। ग्रेट निकोबार द्वीप संकटापन्न है। विवेकहीनता और अदूरदर्शिता की कोख से उपजी योजनाएं उसे निगल सकती हैं। वजह यह कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नवंबर, सन 2022 में एक विराट इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान की है। इसके लिए उसने द्वीप के समग्र विकास की लुभावनी शब्दावली इस्तेमाल की है। इस अधोसंरचना प्रोजेक्ट पर 72000 करोड़ रूपयों की लागत आयेगी। इससे करीब तीन दशकों में ग्रेट निकोबार का हुलिया बदल जाएगा। गौरतलब है कि यह भूकंप के लिहाज से उच्च संवेदी और अति जोखिम का क्षेत्र भी है। सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना की बात करें तो समग्र विकास के कथित संजाल में 40,000 करोड़ रूपयों की लागत से ट्रांसशिपमेंट पत्तन (पोर्ट) बनेगा, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक विद्युत संयंत्र और एक ग्रीन फील्ड टाउनशिप शामिल होगी। यह टाउनशिप सघन वन क्षेत्र में 130 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में जंगल को उजाड़कर बसाई जायेगी। मोटे तौर पर बस्ती बसाने के लिए दस लाख पेड़ काटे जाएंगे। यही नहीं इस अत्यंत विरल आबादी के क्षेत्र में, जहां की मौजूदा आबादी करीब आठ हजार है, तीन दहाइयों में जनसंख्या बढ़कर साढ़े तीन लाख हो जायेगी। यह जनसांख्यकीय परिवर्तन मुख्यतः विजातीय बहिरागतों के आगमन से होगा। सिर्फ कल्पना की जा सकती है कि आबादी में 4000 फीसद की वृद्धि, लोहे और कांक्रीट की इमारतें और बड़े पैमाने पर निर्वनीकरण शांत-सुरम्य निरापद द्वीप पर क्या गुल खिलायेंगे?


प्रोफेसर पकंज सेखसरिया बीते करीब तीन दशकों से अंडमान-निकोबार पर काम कर रहे हैं। द्वीप पर उनका शोधपूर्ण लेखन अबाध गति से जारी है। इसी श्रंखला में उनकी ताजा और छठवीं किताब आई है : 'ग्रेट निकोबार : कहानी विश्वासघात की'। यह किताब एक तरह से श्रम और समय साध्य के शोध ग्रंथ है, जो पर्यावरण, पारिस्थितिकी और जनजातीय जीवन के प्रति ईमानदार और गहरी चिंता की कोख से उपजा है। करीब डेढ़ सौ पेज की इस किताब में कतिपय दुर्लभ चित्रों के अलावा पंकज सेखसरिया, द वायर की आथिरा परिचेरी, जमशेद जी टाटा स्कूल ऑफ डिजास्टर स्टडीज में प्रो. जानकी अंधारिया और सहायक प्रोफेसर वी. रमेश, टाटा इंस्टीटयूट ऑफ सोशल साइंसेज के रविंद्र धीमान, न्यूरोसाइंस एवं वन्यजीव विज्ञान अनुसंधान में प्रशिक्षित बी. चौधरी, सेंटर फार वाइल्ड-लाइफ स्टडीज में डॉक्टोरल फैलो इशिका रामकृष्णा, उत्तरी अंडमान में जनमे आपदा प्रबंधन शास्त्री उदय मोंडल, समुद्री पारिस्थितिकीविद माही मनकेश्वर, एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप 'कल्पवृक्ष' की सृष्टि बाज पाई, हर्पेटोलाजिस्ट और संरक्षण जीव विज्ञानी तथा मुन्नार में उभयचर पुनर्वास योजना पर कार्यरत एस. हरिकृष्णन, नेचर कंजर्वेशन, फाउंडेशन, मैसूर से डाक्टरेट मनीष चंडी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली में प्राध्यापक अजय सैनी और सामाजिक पर्यावरण की कार्यकत्री अधिवक्ता नार्मा अल्बारेज के लेख शामिल हैं। आवरण पर आदिवासी अकादमी, तेजगढ़ के संस्थापक जी.एन. देवी को उद्धत किया गया है। इन विद्वान लेखकों की स्पष्ट मान्यता है कि मेगा विकास के सपने एक अत्यंत संवेदनशील द्वीप के लिए विनाश की चेतावनी दे रहे हैं। द्वीप के विकास के लिए प्रस्तावित भीमकाय परियोजना अंततः द्वीप के नाजुक वर्षा वन, पारिस्थितिकी तंत्र और आदिवासी आबादी को विनाश के कगार पर ले जायेगी। संघप्रिया मौर्य द्वारा कुशलता से अनूदित इन लेखों से गुजरे पर यह धारणा निर्मित होती है कि मेगा प्रोजेक्ट की गाथा सचमुच विश्वासघात की कहानी है। लेख विनाश की गंभीरता और व्यापकता को उदघाटित करते हैं। चेतावनी स्वरूप यह पुस्तक ऐसी मानव निर्मित आपदा की ओर इंगित करती है, जो आगामी समय में दिसंबर, 2004 की त्सुनामी से भी ज्यादा शब्दों में यह किताब हमें आगाह करती है कि यदि हमने समय रहते कदम नहीं उठाया तो हम यह धरोहर सदा के लिए गँवा सकते हैं। इसमें शक नहीं कि किताब आसान्न विनाश के संदर्भों को परत-दर-परत उघाड़ती है। राजीव गांधी ने अपने प्रधान मंत्रित्वकाल में विकास के बहाने विनाश के मद्देनजर ट्रांसशिपमेंट पत्तन योजना को खारिज कर दिया था, लेकिन अंततः अब योजना अमलीजामे की ओर अग्रसर है। एनजीटी समझने में विफल रा कि दाँव पर क्या लगा है और हम क्या गँवा सकते हैं। उसने एक कमेटी बनाई, जिसमें उन्हीं एजेंसियों के नुमाइंदे थे। परियोजना को लाने और लागू करने में हिस्सेदार थे। जब पत्तन के प्रस्तावों पर चर्चा हो रही थी, तभी यह बात सामने आ गयी थी कि अदानी पोर्टसएंड स्पेशल इकोनामिक जोन लि., जेएसडब्लू इंफ्रा लि., रेल विकास निगम लि., कन्टेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया लि. और डच ड्रेजिंग प्रमुख राय अल बेस्किालिस वेस्ट मिस्टर सहित दस बड़ी कंपनियों ने प्रोजेक्ट में शामिल होने की इच्छा (ईओएलएस) व्यक्त की है। संकट गह है, क्योंकि हम ऐसे दौर से गुजर रहे हैा, जब सख वन कानूनों को विकास में बाधक माना जाने लग है और सरकार में बड़े उद्योगों की रक्षा और बढ़ा की प्रवृत्ति अत्यंत मजबूत है।

ग्रेट निकोबार दिसंबर, 2004 में भूकंप औ त्सुनामी के अकल्पनीय प्रकोप का सामना क चुका है। छोटे-मोटे भूकंप उसकी नियति है बंदरगाह के निर्माण को सुकर बनाने के वास्त राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने अभयारण्य गै अधिसूचित कर दिया है। खतरे की सघनता क इससे आंकें कि बीती दहाई में द्वीपों ने 444 भूकंप का सामना किया है। आईसीटीटी, हवाई अड्डा टाउनशिप, बिजली संयंत्र के लिए 16610 हेक्ट और बंदरगाह व हवाई अड्डे के पुनर्ग्रहण के लि 421 हेक्टर भूमि की जरूरत होगी। सन 2004 के भूकंप में ग्रेट निकोबार की तटरेखा करीब 4.5 मीटर धँस गयी थी और इंदिरा पाइंट का लाइटहाउस आज भी पानी में है। बीते दशक में यहां भूकंपों की आवृत्ति बढ़ी है, लेकिन इसे इग्नोर किया जा रहा है पहले यहां साल में 10-11 माह बारिश होती थी अब वह घटकर पांच से आठ माह रह गयी है बिलाशक हम जीवन की प्राकृतिक प्रयोगशाला को क्षति पहुंचाते जा रहे हैं। ग्रेट निकोबार के लि चिंतित लेखकों ने बहुत बोधगम्य और प्रामाणिक तरीके से बातें प्रस्तुत की हैं। ईशिका ने कछुओं औ मैकाक के खतरों की बात की है, तो उदय मोंडल ने पक्षियों ओर मेगापोड नीड़ों पर खतरे से आगाह किया है।

# खादी के हर धागे में शामिल है एक रचनात्मक विचार

**- अजय कुमार श्रीवास्तव**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि खादी वस्त्र नहीं विचार है। व्यक्ति के मन में जो रचनात्मक सोंच पैदा होता है जिसे हम धागों में पीरोकर वस्त्र तैयार करते हैं वह खादी है। उर्दू में एक शब्द है खादीम जिसका अर्थ भी सेवा भाव होता है। खादी शब्द ही अपने आप में एक महान शब्द है। जब बापू ने खादी की शुरूआत की थी उस समय भी देशभक्ति की भावना से प्रेरित था। विदेशी वस्त्रों का वहिष्कार कर खादी को अपनाना यानि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र भावना से जोड़ना था। इसका मूल उद्देश्य था भारतीय संस्कृति को समझना, आपस में वंधुत्व की भावना का संचार करना तथा अपने को राष्ट्र के प्रति समर्पण का विचार रखना। बापू ने खादी को आजादी की लड़ाई का एक अहिंसात्मक अस्त्र बनाया। स्वतंत्रता प्राति के बाद राजनीतिज्ञों का मन मिजाज स्पष्ट समझ में आने लगा। जो लोग सता के भूखे थे वे राजनीति में चले गये शेष अपने आपको देश सेवा का जरिया बनाया। रचनात्मक कार्य खादी आश्रम और गांधी आश्रम से जुड़ गये जिनके मन में ग्राम स्वराज की भूख थी। खादी को भौतिक रूप प्रदान करने में सबसे पहले चरखा आता हैं जो लकड़ी अथवा लोहे का बना हुआ एक संसाधन है जिस पर सूत की कताई होती है। उस पर काम करने वाले भाई-बहन इसे सिर्फ रोजगार के रूप में ही नहीं देखते थे बल्कि भारतीय संस्कृति का दर्शन भी करते थे। चरखे के हर धागे में उँच विचार समाहृत रहता है। यही कारण था कि संत विनोबा भावे ने कहा था कि चरखा मात्र लकड़ी अथवा लोहे का बना हुआ एक संसाधन ही नहीं है। आप देखेंगे कि जिस घर में मेरा चरखा चलता है उस घर के संस्कार को देखें और जिस घर में चरखा नहीं चलता है उस पड़ोसी के संस्कार को देखेंगे तो आपको भिन्नता नजर आयेगी। खादी के हर धागों में एक रचनात्मक विचार छुपा हुआ है। गांधी ने जिस चरखे को आजादी की लड़ाई का अस्त्र और उसके द्वारा



तैयार वस्त्र खादी को वर्दी बनाकर लड़ाई लड़ी थी आज वह नये स्वरूप में देश और विदेश में विकसित हो रहा है। इसकी व्यवहारिकता को देखते हुए कहा था खादी का मतलब एक ऐसा रहन-सहन जिसकी नींव अहिंसा पर आधारित हो। आज गांधी जी के द्वारा अपनाई गई खादी भारतीयता की पहचान बनते जा रही है। एक ओर खादी जहां सादगी दर्शाता है वहीं विशेष मौकों पर स्टेट्स सिम्वॉल बन गया है। खादी जितनी स्टाइलिस है उतनी ही आरामदायक भी। खादी स्कीन के साथ दोस्ती बनाये रखती है। खादी पहनने वालों को चर्म रोग कम होता है। बुनाई हल्की हाने के कारण यह ठंडी रहती है। खादी के बने कपड़े गर्मी और सर्दी दोनों मौसम के लिए अनुकूल है। कुछ लोगों को पहनना अपनी परम्परा और पर्यावरण जताता है तो कुछ अवसरों के लिए अनुकूल आरामदायक गुण और इसके क्लासिक लूक की तारीफ करते नहीं थकते। गर्मियों में ठंढ़ा और सर्दियों में गरम का एहसास इस कपड़े को भारतीय मौसम के अनुरूप और सदाबहार बनाता है। खादी की बुनाई इस प्रकार है कि धागों में हवा का अवागमन बना रहता है। खादी कपास की सबसे शुद्ध किस्म है। अतः हम सबों को इसके सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। इतना तो अवश्य करना चाहिए कि जिस प्रकार धार्मिक भावना से धनतेरस के दिन कोई न कोई बर्तन अथवा सामान की खरीददारी अवश्य करते ही हैं उसी प्रकार वैचारिक भावना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अकटूबर को कोई न कोई खादी वस्त्र प्रमाणित संस्था से अवश्य खरीदें। यही राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रहांजलि होगी। एक निवेदन करना चाहूंगा कि यदि किसी घर में बच्चों का जन्म हो तो उसे पहला वस्त्र खादी का ही दें। मेरा विश्वास है कि वह बच्चा आगे चलकर सुसंस्कारिक और अपने कुल का नाम रौशन करेगा।

**(लेखक औरंगाबाद जिला खादी ग्रामोद्योग समिति के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मामलों के 15 आरोपित गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विभिन्न थाने की पुलिस सोमवार को छापेमारी कर अलग-अलग मामले के 15 आरोपितों को गिरफ्तार की है। पुलिस इंस्पेक्टर विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि विभिन्न थाने की पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में आठ वारंटी समेत 15 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से दो की गिरफ्तारी उत्पाद अधिनियम के तहत की गई है। अजमानतीय तीन वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस इन सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी है। विगत 24 घंटे में पुलिस की कार्रवाई में 157 लीटर 30 मिलीलीटर शराब जब्त किया गया है। अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए गए वाहन जांच के दौरान पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आधे अधूरे कागजात वाले वाहन चालकों को एक लाख 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है।

### नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के अमवामन में नहाने के दौरान एक युवक लापता हो गया। जिसके शव की तलाश एनडीआरएफ टीम तथा पुलिस ने की। शव को मंगलवार को बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि नहाने के दौरान डूबने से सेनुअरिया पंचायत के वार्ड 9 निवासी मथुरा साह के पुत्र रमन साह की मौत हो गई।

### ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के देवानटोली गांव के समीप सोमवार को ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।मृतक की पहचान नौतन खुर्द के बेखबरा निवासी 30 वर्षीय मनोहर चौरसिया के रूप में की गई है। मनोहर एसबीआई लाईफ एजेंट थे और



मझौलिया बाजार में ऑनलाइन दुकान भी संचालित करते थे। मंगलवार को दुकान के लिए घर से निकले थे, लेकिन रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर ट्रक चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने पर मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की बाइक और अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रक्सौल के सैनिक रोड़ में चंदौली पुल के उपर शराब की एक बड़ी खेप और चोरी की बाइक के साथ हरैया पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति



का नाम विकाश कुमार राय, पिता पन्नालाल राय है और वह रक्सौल थाना अंतर्गत पड़ने वाले सिसवा गाँव का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 1.अंग्रेजी शराब 375 का 4 पीस मात्रा 1.500ए 2. नेपाली कस्तूरी शराब 300 का 150 कुल मात्रा 45लीटर 3. एंबीशन रसियन फ्लेवर 300' का 100ब्र्र कुल मात्रा 30लीटर 4. देशी चुलाई शराब 50 लीटर बरामद किया है। खबर लिखे जाने के समय तक पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने के बाद अपनी अग्रिम कार्रवाई मे जुटी थी।

### सीईओ भवन का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया उद्घाटन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिकरहना आईटीआई भेलवा में सोमवार को टाटा टेक सीईओ भवन का उद्घाटन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के मुख्यमंत्री नतीश कुमार के द्वारा किया गया.भवन निर्माण विभाग एवं श्रम संसाधन विभाग सात निश्चय योजना पार्ट



दो के तहत किया. जिसकी राशि चार करोड़ सत्तर लाख रुपया है. उक्त भवन का उद्घाटन होने से औधगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्रों को लाभ मिलेगा. छात्रों को प्रशिक्षण के लिए कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध हो गयी है.उद्घाटन के मौके पर आईटीआई के प्रिंसिपल रामजी राम,मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश सिंह काका, राहुल आरोही सिंह,नितेश सिंह,नंदलाल राय,सुमन सिंह,नितेश कुमार,जफरुल हुसैन,अजित कुमार,रवि कुमार नीलकण्ड, नितेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# पूजा-पंडालों में माता का पट खुलते ही दर्शन-पूजन को उमड़े श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि यानी सोमवार की शाम को विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद ढोल-नगाड़े की ध्वनि के बीच भक्तिमय वातावरण में एकमा नगर पंचायत बाजार के सभी पूजा-पंडालों में मां दुर्गा व शिव परिवार सहित अन्य सभी देवी-देवताओं के पट खुल गए। पट खुलने के बाद मां के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालु भक्त उमड़ पड़े। दुर्गा स्थान, कैलाशपुरी, शिव पार्वती द्वार, महाराज पूजा समिति, परसागढ़ मोड़, बस स्टैंड सहित विभिन्न पूजा पंडालों में पहुंच कर सांसद जनार्दन सिंह



सिग्रीवाल, लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह धूमल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, हेम नारायण सिंह, चितरंजन सिंह, वीरेश सिंह, सत्येंद्र सिंह भवानी, जितेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, बिपिन सिंह आदि ने समाज व मानव कल्याण की सामन की। वहीं श्रद्धालु काफी उत्साह के बीच परिवार के साथ पंडालों में पहुंच



कर मां का दर्शन व पूजन किए। इसके साथ ही दुर्गा पूजा मेला का शुभारंभ हो गया। एकमा बाजार के दुर्गा स्थान में मां दुर्गा के दरबार के अलावा नया बाजार के कैलाशपुरी में शिव परिवार, ब्लॉक रोड में डाकघर के समीप शिव-पार्वती द्वार, स्टेशन परिसर में महाराज पूजा समिति, पुरानी बाजार के महावीर स्थान, मांझी रोड में काली स्थान के समीप, बस स्टैंड, परसागढ़ मोड़ के समीप, परसागढ़, रसूलपुर बाजार, राम-जानकी मंदिर नचाप, ताजपुर, महमदपुर सहित अन्य स्थानों के पूजा-पंडालों में भव्य साज-सज्जा के बीच माता दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की भव्यता आकर्षक का केन्द्र बनी हुई हैं। श्रद्धालुओं भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन, आरती व देवी जागरण के माध्यम से शक्ति स्वरूपा माता की उपासना व अराधना की जा रही है। उधर पुलिस प्रशासन, एकमा प्रखंड, अंचल व नगर पंचायत प्रशासन, बिजली आपूर्ति विभाग सहित स्वास्थ्य विभाग के भी अधिकारी व कर्मी सजगता के साथ अपनी ड्यूटी निभाने में जुटे हैं।

## दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण, अग्नि सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**नरकटियागंज/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण मंगलवार को अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी खुशबू कुमारी



ने किया। इस दौरान पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर तैनात किए गए अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। अग्निशमन पदाधिकारी खुशबू कुमारी ने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर सभी पंडालों का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान अग्नि सुरक्षा को लेकर वहां तैनात कर्मियो व आयोजकों को आवश्यक निर्देश भी दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूजा पंडालों में मुख्य रूप से पंडाल के प्रत्येक 100 वर्ग मीटर के क्षेत्र में अग्निशामक यंत्र अवश्य लगाने।बिजली के तार को अच्छे से टेपिंग करने। पुजा करते समय अगरबती, दिया आदि सावधानी से एवं सुरक्षित स्थान पर जलाने के साथ,पंडाल के पास बड़े ड्रम में पानी भरकर बाल्टी के साथ रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सब ऑफिसर उपेंद्र सिंह, सिपाही गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, चालक राज कुमार के अलावे अग्निक अमन कुमार, कविता कुमारी, पंकज कुमार आदि शामिल थे।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## 27.60 लाख से घटकर जिले में हुए 26.10 लाख मतदाता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत निवार्चन आयोग की ओर से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के बाद मंगलवार को अंतीम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार प.चंपारण जिले में अब मतदाताओं की संख्या 26.10 लाख रह गयी है। जबकि 1 जुलाई 2025 की अर्हता सूची के आधार पर प्रकाशित मतदाता सूची में यह संख्या 27.60 लाख थी। वहीं मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण के बाद प्रारुप प्रकाशन जब हुआ तो यह संख्या घटकर 25.69 लाख हो गयी। हालाकि आयोग की ओर से बार बार बदलते निर्देश के आलोक में यहां भी दावा आपति मांगी गयी। दावा आपतियों का निष्पादन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की ओर से 25 सितंबर तक चलाया गया। इसके बाद



मतदाता सूची का फाईनल प्रकाशन आज किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने मतदाता सूची के फाईनल प्रकाशन की जानकारी जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के सदस्यों को दी। इस बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची राजनीतिक दलों को सौंपी और पुनरीक्षण प्रक्रिया तथा आगामी चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।डीएम ने जानकारी दी कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद एक अगस्त को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया था। प्रारूप निर्वाचक सूची में जिले के 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल निर्वाचकों की संख्या 25,69,614 थी, जिसमें 13,70,002 पुरुष, 11,99,520 महिला और 92 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल थे।दावों एवं आपत्तियों को प्रस्तुत करने की अवधि एक अगस्त से एक सितंबर तक की तिथि निर्धारित की गयी थी। इस दौरान कुल 71,824 दावा आपत्तियां प्राप्त हुईं, जिनमें 32,360 प्रपत्र-6, 28,053 प्रपत्र-7 और 11,411 प्रपत्र-8 शामिल थे। प्राप्त दावा आपत्तियों पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा 25 सितंबर तक अंतिम निर्णय लिया गया। सभी प्रपत्रों का निष्पादन करने के पश्चात आज सभी विधान सभा क्षेत्रों के लिए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। अंतिम प्रकाशन के उपरान्त जिले में मतदाताओं की संख्या अब 26,10,482 हो गई है, जिसमें 13,94,521 पुरुष, 12,15,871 महिला और 90 तृतीय लिंग के मतदाता हैं।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

## हॉस्पिटल में तोड़फोड़, सड़क पर शव को रखकर परिजनों ने किया प्रदर्शन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क हादसे में घायल युवक की मौत से परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके बाद आक्रोशितो ने अस्पताल में तोड़फोड़ करते हुए शव को राष्ट्रीय उच्चपथ पर रखकर आगजनी करते हुए सड़क को घंटो जाम रखा। परिजनों का कहना है की सड़क हादसे में घायल युवक का इलाज छतौनी थाना क्षेत्र के बाईपास



स्थित सनराइज हॉस्पिटल में लेकर गये। जहाँ डॉक्टरों ने इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपया मांगा। जिसमें रुपए कुछ कम पड़ गये जिसके कारण मरीज का ऑक्सीजन, दवा और इंजेक्शन रोक दिया गया जिस कारण युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मुजराहां के बबलू कुमार 22 के रूप में की गई है। बबलू की मौत के बाद परिजनों ने सनराइज हॉस्पिटल के डॉक्टरों पर आरोप लगाया है कि अस्पताल में इलाज के लिये डेढ़ लाख रुपया मांगा गया लेकिन कुछ रुपए कम पड़ने के कारण डॉक्टरों ने ऑक्सीजन दवा और इंजेक्शन आदि बंद कर दिया जिससे बबलू की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने परिजनों के साथ मिलकर हॉस्पिटल में तोड़फोड़ करते हुए राष्ट्रीय उच्च पथ पर आगजनी करते हुए शव को सड़क पर रखकर मुबावजे की मांग करने लगे। सूचना पर मौके पर छतौनी थाना पुलिस पहुंचकर परिजनों को समझा कर मामले को शांत कराया। छतौनी थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि रविवार को हुई सड़क हादसे में 6 युवक घायल हुए थे जिनमें से एक की मौत हो गई। युवकों की पहचान छोटू 16, छोटू 17, प्रियांशु 19, सोनू 17 और विक्की 19 के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि सड़क के जाम को समाप्त कर दिया गया है व घटना को लेकर किसी ने आवेदन नहीं दिया है। उन्होंने बताया आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी। वहीं पर परिजनों के आरोप को लेकर सनराइज हॉस्पिटल से पक्ष जानने की कोशिश करने पर मौजूद किसी डॉक्टर ने कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## सशक्त स्थायी समिति की बैठक बुलाने की मांग

**रक्सौल( पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर परिषद रक्सौल में सशक्त स्थायी समिति की बैठक बुलाने का अनुरोध किया गया है। इसको ले कर वार्ड नंबर 6 के पार्षद और सशक्त स्थायी समिति के सदस्य घनश्याम प्रसाद के नेतृत्व में सदस्यों ने नगर परिषद रक्सौल के कार्यवाहक अध्यक्ष को पत्र लिखा है। सशक्त स्थाई समिति सदस्य घनश्याम प्रसाद,अंतिमा देवी और डिम्पल चौरसिया ने संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि पिछले दो महीने से सशक्त स्थायी समिति की बैठक नहीं बुलाई गई है, जिससे जन उपयोगी योजनाओं और अन्य आवश्यक विषयों पर निर्णय नहीं लिया जा सका है,जिसको देखते हुए अविलंब बैठक बुलाई जाए, ताकि छठ पर्व को देखते हुए छठ घाटों और घाटों तक पहुंच पथ के निर्माण, दिवाली में छठ पर्व पर बिजली व्यवस्था, नगर में साफ-सफाई व्यवस्था और नगर परिषद के वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं माह सितम्बर 2025 तक आय-व्यय की समीक्षा पर चर्चा और निर्णय लिया जा सके।

## श्मशान की जमीन पर पंचायत सरकार भवन निर्माण की स्वीकृति से ग्रामीणों में आक्रोश

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्मशान की जमीन पर पंचायत सरकार भवन निर्माण की सूचना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश



देखा जा रहा है। इस मामले को लेकर प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर पंचायत के सैकड़ों लोगों ने माधोपुर पछियारी टोला, वार्ड नंबर- 6 स्थित श्मशान की जमीन पर जमा होकर जमकर विरोध- प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे बीपीआरओ संदीप कुमार का घेराव कर लोगों ने अपना विरोध दर्ज किया। बीपीआरओ श्री कुमार ने लोगों को समझा-बुझा कर आश्वासन दिया कि वे वरीय अधिकारियों से बात कर पंचायत सरकार भवन निर्माण की दिशा में विधि सम्मत कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे। वहीं मामले को लेकर लोगों में स्थानीय मुखिया नूराना खातून व उनके पति डॉ फैयाज आलम के प्रति नाराजगी देखी गई। पंचायत निवासी शिव शंकर शर्मा, रामजी साह, राम अयोध्या साह, उपमुखिया विश्वनाथ मांझी, भरत साह, शशि भूषण जायसवाल समेत बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि हमारे पूर्वजों के समय से आज तक इस 13 कट्ठा 10 धुर परती जमीन का उपयोग श्मशान के तौर पर किया जा रहा है। इनलोगों का कहना था कि माधोपुर पंचायत अंतर्गत बगहा बाजार मेन रोड के किनारे 18 कट्ठा सरकारी जमीन पंचायत सरकार भवन बनाने के लिए उपलब्ध है। पंचायत के अधिकांश गांवों को यहां आने-जाने में भी सुविधा होगी, पर इस स्थान को नजरअंदाज कर श्मशान घाट पर पंचायत सरकार भवन बनाने की स्वीकृति दी गई है जो कहीं से उचित नहीं है।

# फोटो युक्त निर्वाचक सूची का किया गया अंतिम प्रकाशन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज पूर्वी चंपारण जिला में कर दिया गया। इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह - जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/



सचिव के साथ जिलाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया 01 अगस्त,2025 को निर्वाचन सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित कराया गया था, उसके पश्चात 01.08.2025 से 01.09.2025 तक की अवधि में इस पर दावा आपत्ति प्राप्त की गई। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में सभी प्राप्त दावा आपत्तियों का निष्पादन 25.09.2025 तक कर दिया गया। आज दिनांक 29.09.2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दी गई है।जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 3428474 है। इस दौरान कुल 47188 नए नाम जोड़े गए हैं जबकि 7834 नाम हटाए गए हैं। कुल 17905 में सुधार भी किया गया है। विधानसभा वी निर्वाचकों की संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि 10-रक्सौल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 4677 नाम जोड़े गए, 286 नाम हटाए गए तथा 1440 नाम में सुधार किया गया इस प्रकार वहां कुल मतदाताओं की संख्या 2848 71 है। 11-सुगौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 3059 नाम जोड़े गए,1430 नाम हटाए गए, 1143 नाम में सुधार किया गया। सुगौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निर्वाचको की संख्या 281851 है। 12-नरकटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 4138 नाम जोड़े गए, 924 नाम हटाए गए तथा 1648 नाम में सुधार किया गया। वहां पर निर्वाचकों की संख्या 300158 है। 13 - हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 3490 नाम जोड़े गए, 672 नाम हटाए गए तथा 1360 नाम में सुधार किया गया।

# दुगार्पूजा के उल्लास के साथ जुड़ा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल के नाटकों का आनंद

## मोतिहारी ने देखा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल का सर्वप्रथम नाट्य-प्रदर्शन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपने हरेक जयंती समारोह (रंग षष्ठी) के अंतर्गत देश-विदेश में भ्रमण कर नाट्य प्रस्तुतियां देने वाला दिल्ली का राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल इन दिनों बिहार प्रवास पर है। यह रंगमंडल पटना, पूर्णिया और बेगूसराय जैसे शहरों में मंचन करने के बाद दुर्गा पूजा के माहौल में 29 सितम्बर, मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में 'माई री मैं का से कहूं' नाटक का प्रदर्शन किया गया। नाटक का उद्घाटन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी और एन.एस.डी से आए नाट्य प्रबंधक अभिषेक मुद्गल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । मंच का संचालन शिक्षक आदित्य मानस ने किया। 'माई री मैं का





से कहूं' नाटक हिंदी के प्रसिद्ध लेखक विजयदान देथा की कहानी 'दुविधा' पर आधारित है। इसमें एक स्त्री के अंतर्मन की दुविधा को मार्मिक और संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत किया गया है। संगीत और कलाकारों की अनूठी प्रस्तुति से सजा यह नाटक दर्शकों का केवल मनोरंजन ही नहीं करता, बल्कि उनके मन पर गहरा प्रभाव भी छोड़ता है। इस नाटक का निर्देशन श्री अजय कुमार ने किया है, जिन्होंने इसके लिए संगीत भी संयोजित किया है। मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में खेले जाने वाले अन्य दो नाटकों में से पहला नाटक 'बाबूजी' है, जो हिंदी के प्रतिष्ठित कथाकार मिथिलेश्वर की कहानी पर आधारित है और जिसका नाट्य रूपांतरण विभांशु वैभव ने किया है। इस नाटक का निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंगमंडल के प्रमुख राजेश सिंह ने किया है। इसके साथ इस श्रृंखला का अंतिम नाटक 'ताजमहल का टेंडर' होगा, जिसे वरिष्ठ लेखक अजय शुक्ल ने लिखा है और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वर्तमान निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी ने निर्देशित किया है।

# नवरात्र पर डांडिया महोत्सव में बच्चों ने बिखेरी छटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आदर्श शिशु निकेतन, असहनी में हुआ रंगारंग आयोजन**

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड के असहनी पंचायत अंतर्गत असहनी गांव स्थित आदर्श शिशु निकेतन के प्रांगण में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर प्रसाद ने बताया कि वर्ष 1978 से संचालित यह



विद्यालय हर त्योहार पर बच्चों के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। इसी परंपरा के तहत इस बार नवरात्र के अवसर पर डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव में लॉटरी प्रणाली के तहत चयनित सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें आर्यन कुमारी ने प्रथम स्थान, लकी कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा राजनंदनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शरद तिवारी, पूजा, सोनम, सुमन, बिनिता, अंजली, आरती और रिना ने अहम भूमिका निभाई। वहीं शिक्षकों में दिनानाथ, विश्वनाथ, दिवाकर, दीपक, मो. ईशाद अंसारी, नागेंद्र समेत अभिभावकों का भी भरपूर सहयोग रहा।

# नवरात्रि पर महिला उप डाकघर को मिलेगा उपहार

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नवरात्रि के अवसर पर 1 अक्टूबर को सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह शहर के मिस्कौट में दोपहर के 1.30 बजे महिला उप डाकघर का उद्घाटन करेंगे। इसके पूर्व अपराह्न 1 बजे सासंद द्वारा शहर के छतौनी में उप डाकघर का लोकार्पण किया जाएगा। सासंद श्री सिंह के प्रस्ताव पर उत्तर बिहार में दरभंगा के बाद यह दूसरा महिला उप डाकघर होगा। उक्त डाकघर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण की




योजनाओं को गति देने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। महिला उप डाकघर के संचालन हेतु स्मिता गुप्ता को उप डाकपाल के पद पर चयनित किया गया है। बताया जा रहा है कि यह अवसर न केवल महिलाओं के विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा बल्कि समाज में उनकी सक्रिय भूमिका को और भी सुदृढ़ करेगा। महिला उप-डाकघर खोले जाने से कई सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक लाभ होंगे। जिनमें महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से समाज में उनकी भूमिका मजबूत होगी और उनका आत्मविश्वास बढेगा। महिलाएँ बचत योजनाओं, बीमा और डाकघर आधारित बैंकिंग सेवाओं से अधिक जुड़ पाएगी तथा वित्तीय समावेशन में भी इसका लाभ मिलेगा। वही महिलाएं स्वयं डाकघर आकर पत्राचार, मनी ऑर्डर, पेंशन, योजनाएँ आदि सेवाएँ ले सकेंगीं। डाकघर द्वारा संचालित योजनाएँ (जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, डाक बीमा, पेंशन योजना) महिलाओं तक आसानी से पहुँच सकेंगी। इस संबंध में डाक अधीक्षक आशुतोष आदित्य ने कहा कि "राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आजादी से लेकर आज तक महिलाओं ने समाज और राष्ट्र के नव निर्माण में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर योगदान दिया है। चंपारण डाक प्रमंडल की महिलाएं भी लगातार अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता सिद्ध कर रही हैं। नवरात्रि जैसे शुभ अवसर पर महिला उप डाकघर, महिलाओं के लिए एक अनमोल उपहार होगा।

# नीतीश सरकार की महिला रोजगार योजना ऐतिहासिक कदम : भगवान सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के वरिष्ठ नेता, एमएलसी एवं पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हो रहे विकास कार्यों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को नई दिशा और नई पहचान दी है। डिहरी में उर्वशी होटल में प्रेस वार्ता में कहा कि श्री कुशवाहा ने विशेष तौर पर हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई महिला रोजगार योजना का जिक्र किया। इस योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त भेजी गई है। महिलाओं को स्वरोजगार और छोटे उद्योग से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई यह योजना आगे चलकर 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और समाज में उनका सम्मान बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। पहले से चली आ रही साइकिल योजना, कुशल युवती योजना, छात्रवृत्ति और आरक्षण जैसी नीतियों ने महिलाओं के सशक्तिकरण को मजबूत किया है। अब यह नई सौगात बिहार में सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन की नई कहानी लिखेगी।

कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दूरदर्शी नेता बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गांव-गांव तक सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की योजनाएं पहुंची हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में भारत तथा बिहार में काफी विकास हुआ है। इस मौके पर जदयू जिला उपाध्यक्ष जद यू रोहतास दीपक शर्मा, नबीनगर विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार शर्मा, डिहरी प्रखंड बीस सूत्री सदस्य उपेंद्र गुप्ता, विमल सिंह, प्रमोद महतो, अनिल बाबा, बैरिस्टर सिंह सहित कई अन्य मौजूद थे।

# महिला ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** मंगलवार को गाड़ी संख्या 53212 (सासाराम पटना सवारी गाड़ी) के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर नोखा को सूचित किया कि नोखा स्टेशन के पास एक महिला अचानक गाड़ी के सामने आ गई जिसके कारण उक्त महिला की मृत्यु हो गई है जिसका शरीर दोनों रेलवे ट्रैक के बीच में पड़ा हुआ है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरपीएफ विक्रमगंज से अधिकारी व जवान घटनास्थल पर पहुंचे और इस संबंध में स्थानीय थाना नोखा को सूचित किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए नोखा स्टेशन कैंपिंग ड्यूटी में तैनात स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा तदोपरांत पाया गया कि किमी. सं.-79/29 के पास एक महिला जिसका उम्र लगभग 60 वर्ष का डेड बॉडी दोनों रेलवे ट्रैक के बीच में पड़ा है। सूचना पर स्थानीय थाना नोखा घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में स्थानीय थाना द्वारा उपस्थित चौकीदारों एवं अन्य माध्यमों से छानबीन किया गया परन्तु उक्त मृतका की पहचान संभव नहीं हो सका।

## अज्ञात शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के गुप्ता धाम के समीप अज्ञात शव बरामद हुआ है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। जानकारी देते हुए चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि अज्ञात शव बरामद किया गया है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है पाई है। उम्र लगभग 60 वर्ष है।

# दुर्गा पूजा महाअष्टमी पर नौकरी वाली दीदी ने किया कन्या पूजन

महिलाओं के सम्मान के साथ मजाक नहीं करेंगे बर्दाश्त : किरण प्रभाकर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा कार्य समिति सदस्य व नौकरी वाली दीदी के नाम से मशहूर किरण प्रभाकर ने काराकाट में दुर्गा पूजा महाअष्टमी के अवसर पर कन्या पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा समेत एनडीए दल के कई वरिष्ठ नेतागण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। किरण प्रभाकर ने कहा कि इस बार का दुर्गा पूजा कई मायनों में बेहद खास है। एक ओर जहां दशमी को हमलोग दशहरा का उत्सव मना रहे हैं वही दूसरी ओर आरएसएस की शताब्दी दिवस का भी उत्सव मनायेंगे। उन्होंने कहा कि आरएसएस सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि हिंदुत्व के संस्कार का प्रतिक है। आरएसएस के जरिये सभी वर्ग के लोग जुड़ कर अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने में अपना योगदान निभाते हैं। आरएसएस हमें हिंदुत्व का असली अर्थ समझाने के साथ-साथ महिलाओं का सम्मान, निर्बलों की शक्ति बनना एवं गलत व सही का फर्क सिखाता है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व में राष्ट्रभक्ति और मानवमात्र की सेवाहेतु समर्पित अपनी तरह का एकमात्र गैरराजनीतिक तथापि राजनीति में सुचिता लाने वाला गौरवशाली संगठन है।

# महाष्टमी पर पूजा पंडालों में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** दुर्गापूजा उत्सव महाष्टमी मंगलवार को श्रद्धालुओं की पूजा पंडालों में उमड़ी भारी भीड़। देवी मंदिरों में भी सुबह भारी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने पूजा अर्चना की। नप मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने बारह पत्थर स्थित शिव शक्ति मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की पूजन किया।

मां के भजनों जयकारों से शहर व ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान हो गए हैं। गली से लेकर के गांव तक मां के दर्शन को ले दुर्गा पूजा पंडालों से जा जुड़े हैं। शाम के साथ विद्युत झालरों से कोना-कोना जगमग हो गया। कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी जगह-जगह स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। शहर के पाली स्थित काली कला मंदिर, स्टेशन रोड स्थित युवा किंग क्लब, नटराज कला परिषद, राजपुतान मुहल्ला काली स्थान, पाली काली कला मंदिर, शिवगंज मयूर नवयुवक क्लब, शिवम पूजा समिति, डीआरएलआर कॉलोनी, डालमियानगर चावल मार्केट समेत तमाम पंडालों में काफी संख्या में भीड़ लगी रही। शहर के विभिन्न मोहल्लों स्थित कालीस्थान और काली मंदिरों में आज सुबह से भारी संख्या में महिलाओं समेत पुरुषों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने नए वस्त्र को देवी को समर्पित किया और परिवार व समाज के सुख शांति व स्वस्थ रहने की कामना की। प्रशासन द्वारा भी शहर में चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। सभी पूजा पंडालों और संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व दंडाधिकारी को तैनात किया गया है। पुलिस पदाधिकारी क्षेत्र के पूजा पंडालों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। पाली स्थित रामकृष्ण आश्रम में आज संधी पूजा से महाष्टमी का प्रारंभ हुआ। यहां आयोजित भोग में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

**डीआईजी व एसपी ने दुर्गापुजा की दी शुभकामनाएं**

शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश व एसपी रौशन कुमार ने दुर्गा पूजा और विजयदशमी की जिले वासियों को बधाई व शुभकामना दी है। कहा कि विजयदशमी का पर्व बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हमें मर्यादित रखकर कुछ आदर्श के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

# दुर्गासप्तमी पर डांडिया में महिलाओं ने मचाई धूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** स्थानीय पवित्र बंधन पैलेस में दुर्गा सप्तमी के अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन (नई दिल्ली) के जिला इकाई रोहतास एवं बेनोम डांस स्टूडियो के सहयोग से गरबा सह डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। नवरात्रि के पवन पर्व के दौरान मां शक्ति स्वरूपा दुर्गा माता के सम्मान में डांडिया नृत्य करने का यह पारंपरिक स्वरूप अति मनमोहक होता है जिसे ऊर्जा के अनंत श्रोत के रूप में देखा जाता है। इस अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन रोहतास के जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा ने बताया कि सर्वप्रथम पूरे जिले में 2020 में प्रथम बार नवरात्रि में डांडिया नृत्य की परिकल्पना मेरे द्वारा कर इसका आयोजन कराया गया था जो बदस्तूर जारी है और आगे भी माता रानी का आशीर्वाद रहा तो जारी रहेगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शत्-शत् नमन
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, इमामगंज (गया)
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने का संकल्प मूर्त रूप ले रहा है।
- ग्रामीण सड़कों का रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के हरसंभव कदम उठाये जा रहे हैं।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. बाबूलाल प्रसाद
कार्यपालक अभियंता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शत्-शत् नमन
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर (बिहार)
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय मरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. अविनाश कुमार
कार्यपालक अभियंता

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर
लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित संस्था
ग्राम निर्माण मंडल, खादी ग्रामोद्योग समिति
प्रधान कार्यालय : गया
की ओर से राष्ट्रपिता को शत्-शत् नमन
हमारी संस्था की ओर से मगध प्रमंडल के गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा एवं अरवल जिलों के मुख्यालय के साथ प्रत्येक प्रखंड मुख्यालयों में खादी भंडार कार्यरत है। इसके अलावा पटना के बेली रोड तथा डाकबंगला चौराहा पर लोकनायक भवन में स्थित है। गांधी जयंती के अवसर से खादी के सभी वस्त्रों पर 25% का भारी छूट दिया जायेगा। इस छूट का लाभ अवश्य उठावें।
प्रभाकर कुमार, अध्यक्ष, ग्राम निर्माण मंडल
सुनील कुमार, मंत्री, खादी ग्रामोद्योग समिति
अरविन्द कुमार सिंह, प्रधान मंत्री, ग्राम निर्माण मंडल
प्रधान कार्यालय : गया
जितेन्द्र कुमार, जिला मंत्री, जहानाबाद
अशोक कुमार, जिला मंत्री, नवादा
दशरथ दास, जिला मंत्री, गया
शालिग्राम मंडल, जिला मंत्री, औरंगाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शत्-शत् नमन
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, शेरघाटी (गया)
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने का संकल्प मूर्त रूप ले रहा है।
- ग्रामीण सड़कों का रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के हरसंभव कदम उठाये जा रहे हैं।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. ब्रज किशोर प्रसाद
कार्यपालक अभियंता

दुर्गापूजा पर पालीगंज विधानसभा
के सभी जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाईयां
राजू बिंद, अति पिछड़ा नेता
भावी प्रत्याशी, पालीगंज विधानसभा
विकासशील इंसान पार्टी जिलाध्यक्ष
पटना पश्चिमी, Mob.-6206774892

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर
शत्-शत् नमन
डॉ. दीपक कुमार
जेल अधीक्षक
औरंगाबाद (बिहार)

तरक्की (N.G.O.)
राजा बागीचा, रफीगंज, औरंगाबाद (बिहार)
की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर
शत्-शत् नमन
मिनहाजुल एकराम फरोग
सचिव
तरक्की (N.G.O.)

ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, महुआ (वैशाली)
की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शत्-शत् नमन
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय मरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
ई. अरविन्द कुमार
कार्यपालक अभियंता

एकमा विधानसभा क्षेत्र की सम्मानित जनता को दुर्गा पूजा एवं दशहरा की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
चुनाव चिन्ह
स्कूल का बस्ता
प्रशांत किशोर
संस्थापक, सूत्रधार
विकास सिंह
113, एकमा
विधानसभा भावी प्रत्याशी,
जन सुराज पार्टी
Mob: 9753356166

दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
हरेंद्र कुमार सिंह
प्रधान शिक्षक
प्राथमिक विद्यालय सिंघापुर, टिकारी

दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
नगमतिया मोटर वर्क्स
पुरानी जीटी रोड, औरंगाबाद
अधिकृत विक्रेताः भारत पेट्रोलियम
Bharat Petroleum
केवल पेट्रोल के लिए संपर्क करें

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर
शत्-शत् नमन
शैलेन्द्र सुमन दांगी
वरीय भाजपा नेता
सह
गुरूआ विधान सभा
क्षेत्र से भावी प्रत्याशी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर
शत्-शत् नमन
SOCIAL INSTITUTE FOR WEAKER's SECTION
PATNA (BIHAR)
N.K.Jha
Secretary

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शत्-शत् नमन
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, बक्सर (बिहार)
- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन को सुगम और सुविधाजनक बनाया गया है।
- बिहार ग्रामीण सड़क अनुरक्षण नीति 2018 के तहत ग्रामीण सड़कों की ससमय मरम्मत एवं रख-रखाव पर सतत निगरानी की जा रही है।
- सड़क निर्माण के सभी कार्यों को निर्धारित विशिष्टियों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराने के लिए सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया है।
- पारदर्शिता के लिए हर योजना स्थल पर विवरणी बोर्ड लगाना अनिवार्य है।
ई. रणविजय कुमार
कार्यपालक अभियंता

# मां दुर्गा के पंडालों में दिख रही ऑपरेशन सिंदूर की झलक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नवरात्र के मौके पर मसौढ़ी में कई पंडाल दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। मसौढी थाना रोड में श्री श्री भारत माता पूजा समिति की पूजा पंडाल में इस बार ऑपरेशन सिंदूर की झलक दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। पिछले 40 वर्षों से पूजा पंडाल में प्रतिमा स्थापित की जारी है। वही अस्पताल रोड फाइव स्टार क्लब के द्वारा पिछले 62 वर्षों से पूजा पंडाल बनाया जा रहे हैं और इस बार मरुस्थल पर माता दुर्गा और राक्षसों के बीच हो रहा युद्ध की थीम दिखाया जा रहा है। कोलकता का यशोदा देवी मंदिर के तर्ज पर पूजा पंडाल बनाए गए। मेंन रोड में इस बार मां काली पूजा समिति के द्वारा एक ही प्रतिमा में मां काली के तीन रूपों को दिखाया गया है जिसमें दक्षिणेश्वर काली मां, ताराचंडी मां और कालिका मां एक ही प्रतिमा में विराजमान है। इसके अलावा स्टेशन रोड कर्पूरी चौक समेत पूरे शहर में कुल 17 जगह पर भव्य पूजा पंडाल बनाया गया है।

# घर में घुसकर जमकर मचाया उत्पात

**मसौढ़ी(नबिटा संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार वार्ड नंबर12 मे एक घर में घुसकर तकरीबन आधा दर्जन लोगों ने जमकर उत्पात मचाते हुए घर के लोगों के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नीना देवी पति स्वर्गीय ब्रह्मदेव चौहान ने इस पूरे मामले में आठ लोगों पर मसौढ़ी थाने में केस दर्ज कराया है। दरअसल पीड़ित नीना देवी के द्वारा दिए गए आवेदन में लिखा गया है कि 29 सितंबर को आधा दर्जन से अधिक लोग उनके घर में घुस आए घर में जमकर उत्पात मचाया। लूटपाट की इस दौरान 20 हजार नगद रुपए समेत कई जेवरात लूट लिए।




























# व्यवसायी हत्याकांड में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** व्यवसायी बबलू खान उर्फ पिंटू के हत्याकांड में पांच अभियुक्तों को मदनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए हत्यारोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के मदनपुर वार्ड नंबर - 03 निवासी स्व. सोहन प्रसाद के पुत्र छोटू कुमार, वार्ड नंबर - 01 निवासी रामवृक्ष भुइयां निवासी के पुत्र बिलेंद्र भुइयां उर्फ चेंगड़ा, स्व. मितन भुइयां के पुत्र उपेन्द्र भुइयां उर्फ बहरा, जितन भुइयां के पुत्र संतन भुइयां उर्फ गुरूजी एवं सोहराज भुइयां के पुत्र रमेश भुइयां उर्फ बड़का हाथी के रूप में की गई है। घटना में प्रयुक्त एक लाठी बरामद किया गया है। दरअसल 26 सितंबर को थाना क्षेत्र के भुईया टोली स्थित एक गड्ढानुमा कुआं से मिसिर बिगहा निवासी महरूम मो. इबरत आलम के 25 वर्षीय पुत्र मो. रेयाज आलम का शव बरामद किया गया था। मो. रेयाज मुर्गी का कारोबार करता था। कांड की गंभीरता के आधार पर मामले की छानबीन की गई



जिसमें घटना के 72 घंटे के अंदर कांड में संलिप्त पांच हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मदनपुर सीडीपीओ चंदन कुमार ने बताया कि मृतक के भाई मो. इम्तेयाज के द्वारा 25 सितंबर 2025 को लापता के संबध में तहरीर समर्पित की गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा मदनपुर एडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन की गई थी जिसमें तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। छोटू कुमार ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि मृतक मो. रेयाज आलम के द्वारा मेरी भतीजी एवं अभियुक्त बिलेंद्र भुईयां की पत्नी एवं अन्य अभियुक्तों के परिजनों के साथ अक्सर अवैध संबंध बनाने का प्रयास एवं छेड़-छाड़ किया जाता था जिसको लेकर अभियुक्त एवं उसके परिजन मृतक से क्षुब्ध रह रहे थे। इसी क्रम में 22 सितंबर 2025 को हम सभी के द्वारा योजना बनाकर मृतक को मदनपुर बाजार से वापस लौटने के क्रम में उसके गर्दन पर लाठी से मारकर हत्या कर मदनपुर वार्ड नंबर -01 स्थित भुइयां टोली के पास गड्ढा कुआं में उसके शव फ़ेक दिया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए हत्यारोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# पांच दिनों बाद लापता युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पांच दिनों से लापता 34 वर्षीय युवक का शव मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव मोड़ के समीप से पुलिस ने बरामद किया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही ओरा गांव निवासी स्व. लखन यादव के पुत्र मनोज कुमार यादव के रूप में हुई है। जिस जगह से युवाक लापता हुआ था, उसी जगह से उसका शव भी बरामद किया गया है। अपराधियों ने निर्मम हत्या के बाद शव रस्सी से बांध दिया था और ईंट से लटकाकर गड्ढे में फेंक दिया था ताकि उसका शव बाहर नहीं निकल सके। मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। गिरफ्तार लोगों के निशानदेही पर ही देव मोड़ के समीप से मनोज का शव बरामद किया गया।




# मां का हत्यारा बेटा गिरफ्तार, जमीन बेचने से मना करने पर था नाराज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जिसने मां-बेटे के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। जमीन बेचने से मना करने पर कलयुगी बेटे ने मां को टांगी से काटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के मीरजापुर गांव की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान उस गांव निवासी स्व. बिगन चौहान के पुत्र बसंत चौहान के रूप में की गई है। मदनपुर सीडीपीओ चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि पकड़ा गया हत्यारोपी बसंत जमीन बेचना चाहता था जबकि उसकी मां डोमनी देवी (65 वर्ष) मना कर रही थी। इस बात से नाराज बसंत ने सोमवार की देर रात करीब आठ बजे टांगी से गर्दन पर वार कर मां की हत्या कर दिया। मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इलाज के लिए दो लाख रूपये किसी से क़र्ज़ ले रखा था जिसे चुकाने के लिए वह जमीन बेचना चाहता था। जबकि मां विरोध कर रही थी। इसको लेकर अक्सर विवाद होता था। उन्होंने बताया कि हत्या में प्रयुक्त टांगी को जब्त कर लिया गया है। वहीं मामले में अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार, पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, रोहित कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

